CMYK

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

देहरादून, सोमवार 8 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 300 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावे की रकम को लेकर उठाए गंभीर सवाल पेज 2




मुल्लांपुर टेस्टः भारत ने कसा अफगानिस्तान पर शिकंजा खेल टाइम्स



गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर सम्पादकीय



उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती, परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे पेज 12

## रसोई गैस ने दिया एक और महंगाई का झटका

# LPG सिलेंडर ₹29 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा हो गया है। नई दरें रविवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 रुपये का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपये महंगा हो गया है।



- दिल्ली में अब 942 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर
- तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई
- तीन महीने में कुल 89 रुपये बढ़े

सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद भारत में एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लागत (कास्ट टू सप्लाई) 1,600 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर-रिकवरी (नुकसान) हो रही है। इस अंडर-रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां झेल रही हैं, जिसकी आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाती है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 41,338 करोड़ रुपये थी।

# नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी
- एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा, किस एग्जाम के लिए किया

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं।

नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं। एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है।

### नीट के तथ्य सामने लाने के लिए राहुल गांधी ने की सार्थक की प्रशंसा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में तथ्य सामने लाने वाले 18 वर्षीय सार्थक और उसके साथी निसर्ग की सराहना करते हुए कहा है कि देश की युवा शक्ति सत्ता और शासन से सवाल पूछने और सच उजागर करने का साहस रखती है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सार्थक मात्र 18 वर्ष का है, लेकिन उनकी सोच, साहस और सिद्धांत किसी से कम नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का निधन



**कोच्चि।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का शनिवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। अमृता हॉस्पिटल के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सलीम कुमार को शनिवार को बुखार और सांस लेने में तकलीफ एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका गहन इलाज के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से देर रात 10:43 बजे निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और दो बेटे, चंदू और आरोमल हैं। उनके पार्थिव शरीर को रविवार सुबह से अंतिम संस्कार से पहले लोगों के श्रद्धांजलि देने के लिए पारवूर टाउन हॉल में रखा जाएगा।

### बागपत में तैनात घूसखोर डीएसओ व एआरओ निलंबित

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में तैनात रहे जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अनूप तिवारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) जोगेंद्र सिंह को आठ दिन पूर्व हुए रिश्वत प्रकरण मामले में शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। दरअसल, पिलाना ब्लॉक के ग्राम बुढ़सैनी निवासी राशन डीलर नरेंद्र सिंह से खाद्यान्न वितरण के कमीशन के नाम पर 29 मई को जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने 40 हजार और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने 10 हजार रुपये लिए थे। उसी समय विजिलेंस की टीम ने छापामारी कर डीएसओ को कार्यालय से ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एआरओ टीम हापुड़ जनपद के ग्राम निजामपुर स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया था।

### इंडिया गठबंधन की बैठक आज, शामिल होंगे 23 दल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की सोमवार (आज) को यहां होने वाली बैठक में 23 दलों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित इस बैठक में इंडिया गठबंधन के 23 दल शामिल हो रहे हैं।

## सरकार ने ट्रेलर देखा कॉकरोच क्या कर सकते हैं, लेकिन बात खत्म नहीं हुईः अभिजीत

छत्रपति संभाजीनगर, वार्ता


**कॉकरोच जनता पार्टी** (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।'



- आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते

दीपके ने कहा कि शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ने सरकार को एक ट्रेलर दिखाया है। बात अभी खत्म नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा। सीजेपी फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे इंस्टाग्राम लाइव पर फालोअर्स को संबोधित करेंगे। संबोधन कब होगा, यह नहीं बताया है। जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता। धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी पीढ़ी के साथ अन्याय किया है। वे अगर इस्तीफा नहीं देते, तो 13 जून को फिर प्रदर्शन होगा।

## टीएमसी नेता का सिर मुंडवाया, जूते की माला पहनाकर परेड निकाली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। भाजपा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी एक्स पर शेयर किए हैं। हावड़ा के अमरदाहा गांव में ग्रामीणों ने टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाकर उन्हें जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलता था।

### मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**नई दिल्ली।** मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

## बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

- बंगाल में रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन
- बॉर्डर पर दोनों देशों में एक जैसा तनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है।

ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे पहले टेलीग्राम पर शेयर हुआ क्यूआर कोड

**लखनऊ।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अभ्यर्थियों को ठगने की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम पर फर्जी चैनल बनाकर कुछ शातिर लोग परीक्षा का कथित असली प्रश्नपत्र बेचने का दावा कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए लखनऊ के हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार टेलीग्राम पर यूपीपी एग्जाम पेपर नाम से संचालित एक फर्जी चैनल पर अभ्यर्थियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की जा रही थी कि पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो चुका है।

### सरकार जनता को राहत देने में नाकाम: टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी सिलेंडर के दामों में वृद्धि के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि वैश्विक संकटों का पूरा बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार भविष्य की चुनौतियों के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाती और हर बार कीमतों का भार सीधे जनता पर डाल देती है। टीएमसी ने कहा कि अमीरों के लिए यह मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन करोड़ों परिवारों के लिए यह घरेलू बजट पर बड़ा झटका है। विशेषज्ञों के मुताबिक ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह मिडिल ईस्ट में जारी तनाव है। फरवरी के अंत में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा आज से, चलेंगी अतिरिक्त बसें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रदेशभर में कराई जा रही है। इसमें 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने सुरक्षित आवागमन व सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रोडवेज के प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को क्षेत्रीय प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को विशेष निर्देश जारी करने को कहा है। मंडल व जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। प्रमुख बस स्टेशनों पर परीक्षा सहायता डेस्क स्थापित किए जाएंगे।



■ 28 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना

यहां अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन व आवश्यक जानकारी मिलेगी। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच के लिए बसों का अस्थायी रूट डायवर्जन व अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में बसें, चालक और परिचालक उपलब्ध कराए जाएं। चालकों और परिचालकों को परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील व सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं। बसों की उपलब्धता और संचालन की निगरानी वीएलटीडी और जीपीएस प्रणाली से वास्तविक समय में होगी। सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली सक्रिय रहेगी। साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन और अन्य यात्री सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध होंगी। सभी बसें तकनीकी रूप से सुचारु और सुरक्षित अवस्था में संचालित होंगी। प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, अतिरिक्त पहिया व आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मार्गों पर प्रवर्तन दल लगातार सक्रिय रहेंगे। सभी डीजल पंप चौबीसों घंटे संचालित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री ने अभ्यर्थियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

## नवीं-दसवीं में तीसरी भाषा शामिल करने का फैसला वापस हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नवीं-दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में तीसरी भाषा को शामिल करने के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने इस फैसले को 'मनमाना और अनियोजित' बताया है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। रमेश ने बताया कि सिंह ने प्रधानमंत्री से इस कदम के खिलाफ दखल देने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले को स्थापित शैक्षणिक योजना के मानकों का उल्लंघन कर और सीबीएसई की प्रबंधकीय निकाय के पहले ही लिए जा चुके निर्णयों के विपरीत लागू किया गया है।

# रसोई गैस दर बढ़ाकर जनता को लूट रही है सरकार: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ मोदी सरकार ने चार महीनों में घरेलू सिलेंडरों के दामो में 89 रुपये बढ़ाए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वह अब रसोई गैस के बहाने जनता को लूट रही है और 12 साल में उसने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 530 रुपये की वृद्धि की है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर 41 देशों से ईंधन विविधीकरण (फ्यूल डाइवर्सिफिकेशन) की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि 2025-26 में उज्ज्वला योजना के 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक बार या एक भी बार रिफिल नहीं कराया। इनमें से 3.30 करोड़ परिवारों ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया। उन्होंने पूछा कि क्या यह स्थिति सरकार की नीतियों और बढ़ती कीमतों का परिणाम नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेता और मोदी पहले महंगाई के मुद्दे पर यूपीए सरकार को घेरते थे, लेकिन अब घरेलू एलपीजी की कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो नेता पहले महंगाई के विरोध में सिलेंडर लेकर सड़कों पर बैठते थे, वे अब विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की ऊंची कीमतों का सबसे अधिक असर गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है और सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए।

# दिल्ली-एनसीआर में रहेगा फिलहाल गर्मी का सितम

नई दिल्ली, वार्ता

■ मौसम विभाग ने 25 से 30 जून तक मानसून पहुंचने की जताई उम्मीद

दिल्ली- एनसीआर के लोगों को अभी कुछ दिन और गर्मी और तपिश झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग की तरफ से संभावना जताई गई है कि 25 से 30 जून के बीच मानसून दिल्ली पहुंच सकता है। रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली का तापमान 32 डिग्री सेल्सिसय दर्ज किया गया।

हाल ही में बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर में लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन एक बार फिर झुलसा देने वाली गर्मी जीना दुश्वार कर सकती है। वहीं 8 जून को मौसम के और भी गर्म होने की संभावना जताई गई है। इस दिन दिल्ली में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसके बाद 9, 10 और 11 जून को दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 152 अंक दर्ज किया गया। दिल्ली के इलाकों की बात करें, तो आनंद विहार में 276, आया नगर में 138, बवाना में 146, चांदनी चौक में 131, डीटीयू में 126, इहबास दिलशाद गार्डन में 150, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में 156, एनएसआईटी द्वारका में 161, डीयू नॉर्थ कैंपस में 152, पटपड़गंज में 174, आरके पुरम में 153, सिरीफोर्ट में 163 और वजीरपुर में एक्यूआई 208 दर्ज किया गया।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने की कोर्ट से जांच की मांग

# राम मंदिर के चढ़ावे पर उठाए गंभीर सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चढ़ावे की रकम में करोड़ों रुपये गायब पाए गए, जो भगवान राम के उपासकों के लिए बेहद संवेदनशील है

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब होने का सनसनीखेज बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए।

उन्होंने सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पाई गई है। ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफ़ाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। उनके इस बयान से लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं अभी तक ट्रस्ट की तरफ से कुछ भी नहीं कहा गया है।

### महंगाई से टूटी जनता की कमर: आप

आम आदमी पार्टी (आप) ने भी गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर यह एक और बड़ा बोझ है। आप के मुताबिक तीन महीने के भीतर दूसरी बार सिलेंडर महंगा किया गया है, जिससे घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ेगा और आम परिवारों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ दी है।

### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ: सपा गैस सिलेंडर 29 रुपये हुआ महंगा

**लखनऊ।** देशभर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपए तक की वृद्धि पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, बीजेपी से अब तो हर आस गई टूट। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला है। अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा कर दिया गया। पीएम मोदी का फंडा साफ है- जनता से वसूली करो, अमीर दोस्त की तिजोरी भरो। बता दें कि सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में 29 रुपए की वृद्धि की है। इसके साथ ही दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 913 रुपए से बढ़कर 942 रुपए हो गई है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74243.34
निफ्टी 23366.70

# शेयर बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर दिखेगा। जीडीपी के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वित्त वर्ष 2026.27 में जीडीपी की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जबकि चौथी तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके अलावा निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति पर भी रहेगी। तीन दिन की देरी से मानस. ून 4 जून को केरल पहुंचा था। गत



सप्ताह एक बार फिर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में का सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 74243.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 181.05 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,366.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1. 67 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत फिसल गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। एनटपीसी ने सबसे अधिक 6.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 4.70 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 4.57, एलएंडटी का 3.01, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.52, टीसीएस का 2.47, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.22 और आईटीसी का 2.18 प्रतिशत गिर गया। कोटक महिंद्रा बैंक में 1.87 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.72, भारती एयरटेल में 1.68, ट्रेंट में 1. 67, पावरग्रिड में 1.52, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.17, एक्सिस बैंक में 1.15 और टाटा स्टील में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। सन फार्मा, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टाइटन में सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। इंफोसिस का शेयर 3.21 प्रतिशत, इटरनल का 2.21, इंडिगो का 1. 65, भारतीय स्टेट बैंक का 1.43 और अडानी पोर्ट्स का 1.02 प्रतिशत चढ़ा।

# चावल, चीनी में साप्ताहिक बढ़त, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि गेहूं के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव चार रुपये बढ़कर 3,282 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल नौ रुपये और तुअर दाल आठ



रुपये महंगी हुई। उड़द दाल नौ रुपये की नरमी रही। मूंग दाल के दाम में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं देखा गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 109 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 94 रुपये और सोया तेल 39 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति भी 29 रुपये मजबूत हुआ।

वहीं मूंगफली तेल में 83 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। अजीत, जांगिड़ सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7730.43 रुपये, मसूर काली 8109.24 रुपये, मूंग दाल 10192.53 रुपये, उड़द दाल 10847.65 रुपये, तुअर दाल 11264.38 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.86 रुपये और चावल 3851.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3281.74 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4351.65 रुपये और गुड़ 5088 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अखिलेश यादव पर बरसे ओपी राजभर

## राजभर समाज की 6 हत्याएं गिनाकर सपा चीफ को दी खुली चनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा राजभर समाज के लोगों के साथ हुई आपराधिक घटनाओं पर आवाज क्यों नहीं उठाती

**लखनऊ।** यूपी के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सवाल उठाया कि पीडीए की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी राजभर समाज के लोगों के साथ हुई इन घटनाओं पर खुलकर आवाज क्यों नहीं उठाती। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति का दावा करती है, लेकिन राजभर समाज के लोगों के साथ हुई हिंसक घटनाओं और हत्याओं पर चुप्पी साध लेती है।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पोस्ट की शुरुआत सीधे अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए की। उन्होंने लिखा कि पीडीए की माला जपने वाले नेता राजभर समाज के मुद्दों पर मौन क्यों हैं? उन्होंने दावा किया कि पिछले एक वर्ष में राजभर समाज से जुड़े जिन हत्या के मामलों की चर्चा हुई, उनमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई। उन्होंने गिनवाया कि 26 जनवरी 2025, को श्रावस्ती के पूरेमंशाराम गांव में संजय राजभर की हत्या का मामला आया था। राजभर का दावा है कि इसमें एक सपाई का नाम सामने आया। 16 जनवरी 2026 को जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में सुनील राजभर की हत्या के मामले में जीशान के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।14 फरवरी 2026 को महराजगंज के श्यामदेउरवा में 15 वर्षीय अंकुश राजभर की हत्या का जिक्र किया, जिसमें रामनरेश यादव का नाम आया था। 28 मार्च 2026 को बाराबंकी के टिकैतनगर में आइसक्रीम विक्रेता बबलू राजभर की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें शंकर यादव पर आरा. ेप लगा था। 20 अप्रैल 2026 को देवरिया के भटनी क्षेत्र में सूरज राजभर की हत्या का जिक्र हुआ था, जिसमें अशोक यादव का नाम आया था। 29 मई 2026 को मऊ के हलधरपुर में राजजन्म राजभर की हत्या का मामला, जिसमें रामबदन यादव का नाम आया था।

## दिल्ली में एसआईआर पर पैनी नजर रखेगी कांग्रेस

■ हर बूथ पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को ट्रेनिंग देकर किया जा रहा तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सटीक, पारदर्शी और सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। वहीं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एसआईआर को लेकर पैनी नजर रखे हुए है। एसआईआर के दौरान किसी भी बूथ पर ऐसे मतदाता का वोट न कटे, जो बीजेपी को वोट न देता हो। बूथों पर वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखने के लिए बीएलए-1 और बीएलए-2 बनाए गए हैं। साथ ही उनको ट्रेनिंग देकर के तैयार किया जा रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज अत्रेय ने बताया कि दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली में संभावित एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के मद्देनजर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश गर्ग द्वारा बीएलए-1 के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य एसआईआर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने और संभावित वोट चोरी की आशंकाओं को रोकना है। अनुज अत्रेय ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बीएलए-1 साथियों को ट्रेनिंग दी गई है।

# इंडिया गठबंधन के पास कोई विजन नहीं, सिर्फ डिविजन है: बीजेपी

नई दिल्ली, वार्ता

इंडिया अलायंस की 8 जून की बैठक से पहले बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि इस गठबंधन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी है, जो इसे केवल कागजी बना रही है। उन्होंने झारखंड, बंगाल और तमिलनाडु में सहयोगियों के बीच मतभेदों का भी हवाला दिया। यह बैठक दिल्ली में होनी है।

इस बैठक पर बीजेपी के नेता निशिकांत दुबे, शहजाद पूनावाल सहित बीजेपी के कई नेताओं का बयान सामने आया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अब इंडिया गठबंधन में कौन है? सीपीएम कह रही है कि हम साथ नहीं हैं, मैं रांची से आ रहा हूं, जहां जेएमएम कह रही है कि हम दूसरा उम्मीदवार उतारेंगे, डीएमके अलग सीट पर जाकर बैठ गई है और तृणमूल



■ बैठक से पहले गरमाई सियासत, इंडिया गठबंधन की बैठक पर बोला बड़ा हमला

कांग्रेस का तो कोई अता-पता ही नहीं है। इस गठबंधन का कोई अस्तित्व ही नहीं है। पूनावाल ने कहा कि इस इंडिया गठबंधन का कोई मकसद नहीं है, इसमें केवल डिविजन है। राज्यसभा सीट को लेकर जेएमएम और कांग्रेस के बीच झगड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीपी(एसपी) शायद बैठक में शामिल नहीं हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये गठबंधन सिर्फ कागजों पर है, लेकिन वास्तविकता में कहीं पर भी नहीं है। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में भगदड़ मची हुई है, इनमें आपस में समन्वय नहीं है और एनडीए एकजुट है। इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये जो इंडिया गठबंधन है, वो रुष्ट राजनी. तिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा है। यदि कोई गठबंधन रुष्ट राजनीतिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा हो, तो आपको इसी तरह के हालात और नजारे दिखाई देंगे। वे भी अच्छे से जानते हैं कि उनका 'जुगाड़ का जमघट', 'जनादेश के पनघट' से कोसों दूर है, लेकिन फिर भी वे जुगाड़ का जमघट करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुभकामनाएं हैं, ये लोग प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने की बात करते हैं, लेकिन आपस में भिड़ने में इनका ज्यादा समय जाता है।

## हर वर्ग निष्पक्ष न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता:सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यू. पी.ई.एस बिधौली में उत्तराखंड न्यायाधीश संघ के वार्षिक सम्मेलन ष्जूडिशियम 2.0 : इंक्लूजन, एक्सेस एंड स्ट्रेंथनिंगष में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी, सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना सुशासन की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन की थीम समावेशिता, न्याय तक आसान पहुंच तथा न्यायिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है, जो विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर एवं सम्मान मिलना चाहिए तथा न्याय तक पहुंच में भौगोलिक अथवा आर्थिक परिस्थितियां बाधक नहीं बननी चाहिए। विशेष रूप से उत्तराखंड



■ यू. पी.ई.एस बिधौली में उत्तराखंड न्यायाधीश संघ के वार्षिक सम्मेलन जूडिशियम 2.0 : इंक्लूजन, एक्सेस एंड स्ट्रेंथनिंग आयोजित, मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल

जैसे पर्वतीय राज्य में दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्याय की सार्थकता उसकी निष्पक्षता और समयबद्धता में निहित है। न्याय में अनावश्यक विलंब से आमजन का विश्वास प्रभावित होता है, इसलिए न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ ही समाज में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा कि कानून के शासन की सफलता न्यायपालिका के प्रति जनता के विश्वास पर निर्भर करती है और माननीय न्यायाधीश इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानूनों के साथ-साथ ई-कोर्ट्स, नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड, डिजिटल केस मैनेजमेंट और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं ने न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाया है।

मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार भी न्यायालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, डिजिटल कोर्ट, ई-फाइलिंग और वर्चुअल सुनवाई जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने नकल विरोधी कानून, अवैध धर्मांतरण निरोधक कानून, दंगा रोधी कानून तथा भ्रष्टाचार एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से उत्तराखंड में कानून के राज को और अधिक मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और सभी नागरिकों को समान न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में लागू समान नागरिक संहिता एक ऐतिहा. सिक कदम है, जिसकी देशभर में चर्चा हो रही है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ष्जूडिशियम 2.0ष सम्मेलन न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी, सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा विकसित एवं श्रेष्ठ उत्तराखंड के निर्माण के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उत्तराखण्ड जज एसोसिएशन की कल्याण निधि के लिए 05 करोड़ की धनराशि रखे जाने की घोषणा की तथा एसोशिएशन की स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीश एवं गणमान्य उपस्थित थे।

## राज्य आंदोलनकारी घेरेंगे सीएम आवास

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित बैठक मे अपनी चार सूत्रीय मांगो के समाधान न होने की स्थिति मे आगामी 5 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास कूच का निर्णय लिया है। कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर आहूत बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सुलोचना भट्ट ने की व संचालन मंच के महासचिव राम लाल खंडूरी ने किया।

■ आयोग 52 आंदोलनकारी एवं आश्रित कोटे से चयनित आंदोलनकारीयों को नहीं मिल रही है नौकरी

बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ आंदोलनकारी व जिलास्तरीय चिन्हिकरण समिति की सदस्य पुष्पलता सिलमाना ने कहा सरकार की और से चिन्हिकरण अवधि बढ़ाने का स्वागत है, मगर चिन्हिकरण के लिये पांचवा जोड़े बिना या चिन्हिकरण समिति की सिफारिश के अनुसार चिन्हित सूची जारी किये बिना इसका कोई लाभ नहीं होगा। वर्ना चिन्हिकरण तिथि बढ़ाने या समिति बनाने का कोई फायदा नहीं होगा। टिहरी से आये राजेंद्र बहुगुणा ने कहा की सरकार की और से प्रदत 10 प्रतिशत आरक्षण के तहत समस्त चयन प्रक्रिया को पूरी करने के बाद अधिनिस्थ चयन आयोग 52 आंदोलनकारी एवं आश्रित कोटे से चयनित आंदोलनकारीयों को नौकरी नहीं दे रहा है जो की बहुत दुर्भाग्य पूर्ण है।

गृह सचिव शैलेश बगोली ने भरोसा दिया था कि दूसरी या तीसरी कैबिनेट बैठक में इसे पास करा कर नियुक्ति दे दी जाएगी, मगर कई कैबिनेट बैठक हो चुकी है लेकिन इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जा रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले 15 दिन में मुख्यमंत्री मंच प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिये बुलाये एवं उक्त मांगो का समाधान कर अपनी घोषणाओ को अमली जामा पहनाकर धरातल पर लागू करवाएं, अन्यथा आगामी 5 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास कूच किया जयेगा।

बैठक के अंत में मुजफ्फरपुर नगर गोली कांड में सीबीआई की गवाह श्रीनगर की वरिष्ठ आंदोलनकारी विमला कोठियाल के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, प्रदेश महासि. चव राम लाल खंडूरी, पुष्पलता सिलमाना, सुलोचना भट्ट, चंद्र किरण राणा, मनोज नौटियाल, राज. ेंद्र बहुगुणा, मोहन सिंह रावत, प्रताप सिँह रावत, गणेश डंगवाल, हरी सिँह मेहर, सुधीर नारायण शर्मा, वीरेंद्र सिंह रावत, क्रांति अभिषेक, सावी नेगी, विजय बलूनी, मनोज सिंह रावत, गुरदीप कौर, प्रदीप कुकरेती व विनोद असवाल आदि शामिल रहे।

## सरसों तेल यूनिट बनी सफलता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून के कालसी विकासखंड स्थित हरीपुर गांव की महिलाओं ने अपनी मेहनत, लगन और सामूहिक नेतृत्व से ग्रामीण उद्यमिता का एक प्रेरणादायक मॉडल स्थापित किया है। शविकास महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशनश द्वारा संचालित कोल्ड एवं हॉट प्रेस्ड सरसों तेल यूनिट आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की एक नई पहचान बनकर उभरी है।

ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के अंतर्गत सितंबर 2024 में स्थापित इस यूनिट ने न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर दिए हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर बाजार में भी अपना अलग स्थान बनाया है। इस यूनिट को कुल 10 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है, जिसमें 6 लाख रुपये परियोजना सहायता, 3 लाख रुपये बैंक ऋण और 1 लाख रुपये महिलाओं का अपना अंशदान शामिल है। आज इस यूनिट से 14 ग्राम संगठनों और 120 स्वयं सहायता समूहों की कुल 764 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। यूनिट का संचालन, उत्पादन, पैकेजिंग और विपणन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है।

इसका परिणाम यह है कि यूनिट अब प्रतिमाह लगभग 70 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही है और अपनी स्थापना से अब तक 24 से 25 लाख रुपये मूल्य का सरसों तेल बाजार में बेचा जा चुका है। महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे सरसों तेल को 'हिलान्स' ब्रांड नाम से बाजार में उतारा गया है। उत्पाद की शुद्धता और गुणवत्ता के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 'हाउस ऑफ हिमालय' ने यूनिट से 1700 लीटर सरसों तेल की खरीद की है, जिससे महिलाओं को पांच लाख रुपये से अधिक की आय हुई है। साथ ही, प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी रुड़की को भी यहां से सरसों तेल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में कोल्ड प्रेस्ड तेल 300 रुपये प्रति लीटर और हॉट प्रेस्ड तेल 240 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध है।

तेल उत्पादन के दौरान निकलने वाली सरसों की खल भी महिलाओं के लिए अतिरिक्त आमदनी का जरिया बनी है, जिसे स्थानीय पशुपालकों को 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है। फेडरेशन की सदस्य रीना चौहान ने बताया कि अब इस कारोबार को ऑनलाइन माध्यमों से भी विस्तार दिया जा रहा है। 'हिलसम' वेबसाइट के जरिए उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। इसके अलावा यूनिट की जियो-मैपिंग की प्रक्रिया भी चल रही है, जिससे भविष्य में ग्राहक सीधे यूनिट तक पहुंचकर भी खरीदारी कर सकेंगे।

## सीएम धामी ने केशव नेगी की गिरफ्तारी के बारे में दिल्ली की मुख्यमंत्री से की बात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड प्रकरण में उत्तराखंड के केशव नेगी की गिरफ्तारी के संबंध में रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से वार्ता हुई।

उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा तथा जांच पूरी तरह तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होगी।

पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली सरकार और संबंधित एजेंसियां निष्पक्ष जांच के माध्यम से सत्य को सामने लाएंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साथ ही केशव नेगी की पुत्री कनिष्का नेगी से भी बात कर उन्हें हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। हमारी सरकार देश भर में रह रहे सभी प्रवासी उत्तराखंडी भाई बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## आज से मतदाताओं को घर -घर बांटेंगे गणना फॉर्म बीएलओ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार से प्रदेश के सभी मतदाताओं को गणना फार्म बांटने का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से बूथ लेवल एजेंट्स को सहयोग करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी 11733 बीएलओ के पास गणना फार्म पंहुचा दिए गए हैं। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी मतदाताओं को गणना फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। आगामी 7 जुलाई तक एक माह के समय में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फार्मों को बीएलओ एप्प के माध्यम से डिजिटिलाइज किया जाएगा।

### मतदाता एक पासपोर्ट फोटो रखें तैयार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश



के मतदाताओं से अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो गणना फार्म के साथ बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 8 जून से 7 जुलाई के बीच घर-घर भ्रमण के दौरान गणना फार्म के साथ मतदाताओं से कोई भी दस्तावेज नही ने होंगे। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 14 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदण्डे ने बताया कि उन्होंने बताया कि मतदाता स्वयं भी ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से अपना गणना फार्म ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं इसके बाद मतदाता इसे भरकर अपलोड कर सकते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान अपर कोई भी पात्र व्यक्ति, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाना चाहते हैं तो वे अपने बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भर सकते हैं। जिसके बाद दावे आपत्तियों के निस्तारण के समय उनके फार्मों पर विचार किया जाएगा।

### मतदाता "बुक ए कॉल" फीचर का ले सकते हैं लाभ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश के मतदाता नौकरी या अन्य पेशे से जुड़े होने के कारण दिन में घर पर उपलब्ध नहीं हैं तो वे "बुक ए कॉल विद" के फीचर से एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता पर विजिट करके या मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा बीएलओ के क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोई मतदाता घर पर नहीं मिलता है तो ऐसी स्थिति में बीएलओ तीन बार घर पर विजिट करेंगे और बीएलओ घर पर स्टीकर लगाकर अपने अगले विजिट की डेट और मोबाइल नंबर लिखेंगे, मतदाताओं द्वारा बीएलओ से संपर्क कर सुविधानुसार गणना फार्म भरा जा सकता है।


## ब्रिक्स मंच पर चमका उत्तराखंड का आपदा प्रबंधन मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्राकृतिक आपदाओं और वर्षा जनित संकटों की दृष्टि से बेहद संवेदनशील उत्तराखंड ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। भारत की अध्यक्षता में ओडिशा के पुरी में 3 से 5 जून 2026 तक आयोजित ब्रिक्स डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (डीआरआर) वर्किंग ग्रुप की द्वितीय तकनीकी बैठक में उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन मॉडल की मुक्त कंठ से सराहना की गई।

तीन दिवसीय इस अहम बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित 11 ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और नीति निर्माता शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण, मजबूत अवसंरचना, सामुदायिक आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली, पूर्वानुमान आधारित त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र और आपदा प्रबंधन के लिए सतत वित्तीय व्यवस्थाओं पर अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।

सम्मेलन में विभिन्न देशों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपने नवाचार और सफल मॉडल साझा किए। इसी क्रम में उत्तराखंड की ओर से




■ सिल्क्यारा रेस्क्यू की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक, उत्तराखंड की ओर से सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ( आईपीएस ) और यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार ने किया राज्य का प्रतिनिधित्व

सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी (आईपीएस) और यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। दोनों अधिकारियों ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में विकसित आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, क्षमता विकास, तकनीकी नवाचार और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति के दौरान उत्तराखंड की भौगोलिक जटिलताओं, हिमालयी परिस्थितियों, भूस्खलन, अतिवृष्टि, ग्लेशियर झीलों, सड़क अवरोध और तीर्थयात्रा से जुड़े जोखिमों को विस्तार से रखा गया। साथ ही राज्य में विकसित बहु-एजेंसी समन्वय प्रणाली, पूर्व चेतावनी तंत्र और त्वरित राहत-बचाव व्यवस्था को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से सिल्क्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन और धराली आपदा' प्रबंधन कार्यों को उत्तराखंड के सफल आपदा प्रबंधन मॉडल के रूप में सामने रखा गया। सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधियों ने इन अभियानों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में धैर्य, तकनीक, प्रशासनिक समन्वय और मानवीय संवे. दनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

बैठक में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की पूर्व चेतावनी प्रणाली, जोखिम न्यूनीकरण उपायों और विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की विशेष सराहना की गई। वहीं, उत्तराखंड एसडीआरएफ की त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उत्कृष्ट आपदा प्रतिक्रिया मॉडल के रूप में रेखांकित किया गया।

सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने कहा, कि;मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आपदा प्रबंधन को लेकर संवेदनशील और सक्रिय दृष्टिकोण के कारण राज्य में जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, क्षमता निर्माण और एजेंसियों के बीच समन्वय को लगातार मजबूत किया जा रहा है। वैज्ञानिक योजना, कुशल प्रशासन और समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया के जरिए आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयास किया जा रहा है।"; उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में आपदा प्रबंधन केवल राहत और बचाव तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए पूर्व तैयारी, स्थानीय समुदायों की भागीदारी, प्रशिक्षित बलों की उपलब्धता और तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन के निर्देशन में राज्य में संचा. लित गतिविधियों को भी प्रति. निधियों के साथ साझा किया गया। यूएलएमएमसी निदेशक शांतनु सरकार ने कहा, " ;भू-स्थानिक तकनीक, रिमोट सेंसिंग, डेटा एनालिटिक्स और पूर्व चेतावनी तंत्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण को अधिक प्रभावी बना रहे हैं। भविष्य की आपदा चुनौतियों से निपटने में तकनीक आधारित समाधान निर्णायक भूमिका निभाएंगे।"; सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियों में ब्रिक्स देशों के बीच आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सहयोग को मजबूत करना, तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना, सामुदायिक स्तर पर तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए साझा रणनीतियां विकसित करना और वैश्विक आपदा प्रबंधन सहयोग को नई दिशा देना शामिल रहा।

ब्रिक्स डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (डीआरआर) वर्किंग ग्रुप की बैठक में उत्तराखंड के मॉडल को मिली सराहना को राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह 'उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एसडीआरएफ' और अन्य एजेंसियों के सतत प्रयासों को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता है।

## उदयन शालिनी फैलोशिप के 19वें बैच का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आर्थिक तंगी अब प्रतिभा की राह का रोड़ा नहीं बनेगी। देहरादून में उदयन केयर ट्रस्ट द्वारा संचालित श्उदयन शालिनी फैलोशिपश कार्यक्रम के तहत 30 प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए एक नई शुरुआत हुई है। हाल ही में आयोजित 19वें बैच के प्रवेशोत्सव में इन बेटियों ने शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व का संकल्प लिया।

समारोह की मुख्य अतिथि, भारतीय वन सेवा अधिकारी और पर्यावरण मंत्रालय में सहायक महा. निरीक्षक नीलिमा शाह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने



कहा, ष्यह फैलोशिप सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि खुद को गढ़ने का एक मंच है। अपनी शिक्षा और मेहनत से ऊंचाइयों को छुएं, लेकिन सफलता के शिखर पर पहुँचने के बाद समाज के वंचित वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को न भूलें।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दलजीत कौर ने किया। इस अवसर पर वैल्हम गर्ल्स स्कूल की उप-प्रधानाचार्या सुबोही राशिद, कोर कमेटी सदस्य कमल शर्मा, नीलू खन्ना, वरूणा टम्टा, फरहा नाज, दीक्षा धीमान और बोम बहादुर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## आकाश से जमीन तक दयारा बुग्याल में बबीता की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** नैनीताल के रामनगर की रहने वाली एक युवती उत्तरकाशी के दयारा बुग्याल ट्रक पर धुमने के लिए निकली थी लेकिन वह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। नौ दिन से लापता युवती को खोज निकालने के लिए सिस्टम ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है जिसके चलते सरकार के माथे पर भी बल पडे हुये हैं। अब बबीता की खोज आसमान से की जा रही है लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। सडक से लेकर आसमान तक बबीता की खोज हो रही है लेकिन उसके लापता होने का रहस्य अभी भी एक पहेली बना हुआ है। आज जहां हेलीकाप्टर से पहाड और जंगल खंगाले गये तो वहीं पैदल मार्ग से सुरक्षा में लगी टीमें भी जंगल में चप्पे-चप्पे पर उसे तलाशने के लिए आगे बढ़ी लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा। बबीता के परिजन हैरान और परेशान हैं कि आखिर उनकी बेटी को जमीन निगल गई या आसमान खा गया। रविवार को सिस्टम ने दयारा बुग्याल ट्रक पर नौ दिन पहले लापता हुई नैनीताल की वयीता को खोजने के लिए आकाश से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बबीता की खोज के लिए हेलीकाप्टर का सहारा लिया गया और हेलीकाप्टर में सवार टीम पहाड से लेकर जंगल तक दूरबीन से उसे खोजने के लिए अपनी पैनी निगाहें लगाये रही लेकिन चप्पे-चप्पे पर हुई उसकी तलाश में सुरक्षा की टीमों को कोई सुराग नहीं लगा। हेलीकाप्टर से बबीता को खोज निकालने के लिए घंटो आकाश में हेलीकाप्टर मंडराता रहा और पहाड से लेकर जंगल तक पर उसकी खोज का बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया लेकिन आकाश से भी उसकी तलाश अधूरी ही रही। वहीं पैदल मार्ग पर सुरक्षा कर्मियों ने बबीता को खोजने के लिए जंगलों में उसकी बढ़ी तलाश का ऑपरेशन चलाया लेकिन इस ऑपरेशन में बबीता का कुछ पता नहीं चल पाया जिसके चलते उत्तरकाशी प्रशासन के माथे पर चिता की लकीरें पड़ी हुई है कि आखिरकार नौ दिन से लापता बबीता आखिर कहां गायव हो गई? उलेखनीय है कि पिछले नौ दिन से दयारा बुग्याल ट्रक पर घुमने आई नैनीताल के रामनगर की बबीता लापता है और उसे खोज निकालने का ऑपरेशन बडे पैमाने पर चल रहा है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चलने पर यही सवाल खड़े हो रहे हैं कि महिला ट्रैकर को जमीन खा गई या आसमान निगल गया। ट्रैकर को खोजने के लिए पहाड से जंगल तक ड्रोन से खोजबीन भी गई और नदी में एसडीआरएफकी टीमें भी लापता को खोजने में जुटी हुई हैं लेकिन लापता का कुछ पता न चलने से सरकार और जिला प्रशासन के हाथ पांव फूले हुये है कि आखिर महिला ट्रैकर कहां गायव हो गई। दयारा बुग्याल से लापता रामनगर की ट्रैकर बबीता पांडे तलाश आठ दिन बाद भी जारी है और आज सुबह से ही चचीता को खोजने के लिए जमीन से लेकर आकाश तक एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आकाश से पहाड़ों और जंगलों को खंगाला गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो वहीं जंगलों में पैदल मार्ग से बबीता को का मिशन भी अधूरा हो रहा क्योंकि का जगलों में भी कुछ पता नहीं चल पाया जिसने जिला प्रशासन और उसे तलाशने के लिए लगी टीमों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ी हुई है।

## मसूरी में कार की छत पर हुड़दंग करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मसूरी में हुड़दंगियों के खिलाफ दून पुलिस का श्ऑपरेशन प्रहारश जारी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस को सक्रिय किया, जिसमें एक लाल रंग की ब्रेजा कार की छत पर बैठकर एक युवक सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाते और हुड़दंग मचाते नजर आया। मसूरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और वाहन को सीज कर संबंधित युवकों को सबक सिखाया। वायरल वीडियो में मसूरी की सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर कार की छत पर सवार होकर हुड़दंग किया जा रहा था। एसएसपी देहरादून ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मसूरी को सख्त निर्देश दिए। पुलिस की टीम ने जांच-पड़ताल के बाद वाहन और उसमें सवार युवकों की पहचान की। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान शिवम पुत्र सोमपाल, निवासी अकबरपुर कालसो, भगवानपुर (हरिद्वार) के रूप में हुई है। पुलिस ने वाहन के अंदर और छत पर बैठकर शांति व्यवस्था भंग करने वाले युवकों को हिरासत में लिया। सभी को भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत न करने की सख्त हिदायत दी गई है और उनके विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सोशल मीडिया पर उनकी पैनी नजर है। सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और जनसुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की है।

# तेवड़ी सेम नारायण मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का महासागर

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ से गूंज रही क्यूंजा घाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** क्यूंजा घाटी स्थित तेवड़ी सेम नारायण मंदिर इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस से सराबोर है। यहां आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ एवं कथा महोत्सव में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठानों और भगवान के जयघोषों से गुंजायमान है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया है।



प्रख्यात कथावाचक आचार्य बृजमोहन नौटियाल अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के दिव्य प्रसंगों का रसपान करा रहे हैं। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति, ध्रुव चरित्र तथा भागवत महापुराण के विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को सत्य, धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम है। आचार्य नौटियाल ने श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण, सत्संग और भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है।

कथा स्थल पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भगवान के जयकारे लगा रहे हैं और भक्ति रस में डूबकर कथा श्रवण कर रहे हैं। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आयोजन में पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। ग्राम प्रधान रजनी देवी ने बताया कि सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ के सफल संचालन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रतिदिन यज्ञ, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, कथा प्रवचन तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जा रही है। वहीं पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण सेमवाल ने कहा कि आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह है और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर विशेष पूजन, पूर्णाहुति, विशाल भंडारे एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर श्रीनंद नौटियाल, वासुदेव नौटियाल, सूर्य प्रकाश नौटियाल, शांति प्रसाद नौटियाल, उमेश चंद्र सती, पुष्कर सिंह, महाव. ीर सिंह, जय कृष्ण सेमवाल, प्रकाश सिंह, शिशुपाल सिंह, अनुसूया प्रसाद सेमवाल, लक्ष्मी प्रसाद सेमवाल, जसपाल सिंह, जीत सिंह, रविंद्र प्रसाद सेमवाल, दरवान सिंह, गजपाल सिंह, सर्वेश्वर, मगनानंद, राजेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, महावीर मिश्रा, सुरवीर सिंह, चंद्र मोहन, जगदंबा प्रसाद सेमवाल, विशाल मणि, वीरेंद्र सिंह, भरत सिंह, भूषण सिंह सहित वन पंचायत, महिला मंगल दल, युवक मंगल दल के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# नगर निकायों में आयोजित होंगे लोक कल्याण मेले एवं स्वनिधि शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टिहरी वासुदेव डंगवाल ने अवगत कराया है कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद टिहरी गढ़वाल की समस्त नगर निकायों में दिनांक 1 जून से 30 जून तक लोक कल्याण मेला, स्वनिधि महोत्सव तथा सेंसस टाउन क्षेत्रों में स्वनिधि शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करते हुए योजना के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाना है। साथ व्यवसायियों को ऋण एवं क्रेडिट सुविधाओं से जोड़ना, डिजिटल सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करना, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों का जुड़ाव सुनिश्चित करना तथा योजना के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रमों के दौरान बैंकों, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण संबंधित विभागों, डिजिटल भुगतान एग्रीगेटरों, टाउन वेंडिंग समितियों एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से फेरी व्यवसायियों का सर्वेक्षण, पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण तथा उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद चंबा में 9 जून, देवप्रयाग में 11, गजा में 12, तपा. ेवन में 15, कीर्तिनगर में 16 जून को शिविर लगाए जाएंगे। इस तरह नरेंद्रनगर में 17 जून, लंबगांव में 18 जून, नई टिहरी में 19 जून, घनसाली में 23 जून, चमियाला में 24 जून तथा मुनिकीरेती में 25 जूनको स्वनिधि शिविर एवं लोक कल्याण मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के सभागारों में इन आयोजनों का आयोजन किया जाएगा, जबकि नगर पालिका परिषद नई टिहरी का कार्यक्रम ओपन मार्केट, बौराड़ी में आयोजित होगा।

नोडल अधिकारी ने सभी नगर निकायों को निर्देशित किया है कि निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया जाए।

# झंडाचौक में मारपीट कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के झंडाचौक क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिल्ला गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, तीन युवक शराब के नशे में झंडा चौक पहुंचे और वहां मौजूद एक व्यक्ति, जो स्वयं भी नशे की हालत में था, के साथ मारपीट करने लगे। घटना का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। वायरल वीडियो के आधार पर बाजार चौकी पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों की पहचान की। जांच के बाद पुलिस ने पिल्ला गैंग से जुड़े तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सागर पुत्र केदार सिंह, निवासी बडोला गली, कोटद्वार, मयंक कुमार पुत्र सुनील कुमार, निवासी बडोला गली, कोटद्वार तथा आदित्य कुमार पुत्र सुनील कुमार, निवासी बडोला गली, कोटद्वार शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने और सार्वजनिक स्थानों पर गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चीड़ पिरूल से स्वरोजगार की क्रांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** टिहरी डैम वन प्रभाग (द्वितीय) की अभिनव पहल से चीड़ के जंगलों में बिखरा पिरूल अब ग्रामीणों के लिए रोजगार का नया माध्यम बनता जा रहा है। वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से व्यापक स्तर पर पिरूल संग्रहण अभियान संचालित किया जा रहा है।



श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ से गूंज रही क्यूंजा घाटी

रविवार को प्रभागीय वनाधिकारी साक्षी रावत के निर्देश पर उप प्रभागीय वनाधिकारी कन्हैया लाल बेलवाल ने दसकीगाड़ रेंज धरासू के अंतर्गत संचालित स्थानीय पिरूल एकत्रीकरण केंद्र दिवारीखोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्रित पिरूल की प्रगति का जायजा लिया गया।

अभियान के तहत भगवती, भैरव, दुलेश्वर, शिव शंकर, श्रेष्ठ, उन्नति, मां रेणुका, रेणुका मां एवं उजाला स्वयं सहायता समूहों ने उत्साहपूर्वक पिरूल संग्रहण किया। भगवती स्वयं सहायता समूह, धारकोट द्वारा 28.50 क्विंटल पिरूल का तुलान कर एक ट्रक ढुलान भी किया जा चुका है। वन विभाग के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वन सतह से अधिक से अधिक चीड़ पिरूल हटाकर उससे पैलेट्स, ब्रिकेट्स एवं अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करना है। इससे जहां एक ओर आगामी वनाग्नि सत्र में आग लगने की घटनाओं में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय स्तर पर इस पहल को काफी सराहना मिल रही है।

ग्रामीण महिलाएं उत्साह के साथ अभियान में भागीदारी कर रही हैं और इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही हैं। वन विभाग की यह पहल पर्यावरण संरक्षण, वनाग्नि न्यूनीकरण और महिला सशक्तिकरण का प्रभावी मॉडल बनकर उभर रही है। चीड़ पिरूल, जो कभी जंगलों में आग का बड़ा कारण माना जाता था, अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला संसाधन बनता दिखाई दे रहा है।

## एक नजर .......

### तोता घाटी में बस पलटने से घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**नई टिहरी।** रविवार सुबह को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना देवप्रयाग क्षेत्र अंतर्गत तोता घाटी के पास एक चारधाम यात्रा बस दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई है तथा कुछ यात्रियों के घायल होने की सूचना है।सूचना प्राप्त होते ही थाना देवप्रयाग पुलिस, आपदा प्रबंधन टीम एवं 108 एम्बुलेंस सेवा को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार बस रुद्रप्रयाग से हरिद्वार की ओर जा रही थी। बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। दुर्घटना में तीन-चार यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस के माध्यम से ऋषिकेश अस्पताल भेजा गया है। घटना में किसी प्रकार की गंभीर जनहानि नहीं हुई है तथा बस में सवार अन्य सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोतवाली देवप्रयाग पुलिस द्वारा मौके पर आवश्यक राहत एवं सहायता कार्य कराए गए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा गया। टिहरी पुलिस आमजन एवं यात्रियों से पर्वतीय मार्गों पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालन करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील करती है।

### नपा नरेंद्रनगर में मतदान आज, सभी तैयारिया पूरी

**नई टिहरी।** जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से अवगत कराया गया है कि नगर पालिका परिषद नरेंद्र नगर में सोमवार को मतदान होगा। मतदान पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 5 बजे तक संपन्न कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। सोमवार को मतदान कार्मिकों का अंतिम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर उन्हें निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि समस्त रिटर्निंग अधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न हो सके। रविवार सायं पांच बजे के बाद से सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार बंद हो गए हैं। इसके बाद किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री का प्रदर्शन न किया जाए। प्रचार थपने के बाद अब प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाताओं को रिझाने के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं। मतदान स्थल पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए हैं। सुबह आठ बजे मतदान शुरू किया जाएगा।

### विश्व साइकिल दिवस पर हिमवीरों की भव्य साइकिल रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** फिट इंडिया अभियान के तहत 12वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया। महानिदेशालय आईटीबीपी एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। यह आयोजन गत 24 मई को आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम की अगली महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में संपन्न हुआ। महानिदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 12वीं बटालियन के कमांडेंट सचिन कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित रैली में आईटीबीपी के हिमवीरों, स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर कमांडेंट सचिन कुमार ने जवानों, प्रतिभागियों एवं स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ और निरोग रखता है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को शारीरिक रूप से फिट रहने तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।

# नागरिक मंच की बैठक में पारित हुए विभिन्न प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सोमवार को नागरिक मंच की मासिक बैठक का आयोजन सामुदायिक मिलन केंद्र बोराडी में किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री सुंदरलाल जी द्वारा की गई। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई जिस पर सभी सदस्यों द्वारा पुष्टि की गई।



नई टिहरी शहर में रामलीला आयोजन समिति, मैंती मिलन सम्मेलन, एपीजे अब्दुल कलाम क्रिकेट टूर्नामेंट शहर में विभिन्न स्थानों पर भागवत कथाओं के आयोजन करने पर मंच ने सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन एवं धन्यवाद आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि नई टिहरी में पेयजल व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार शुद्ध ग्रेविटी पेयजल रिह – घुतू नई टिहरी परियोजना का शीघ्र निर्माण किया जाए। शहर में निशुल्क पेयजल का प्रस्ताव जिला अधिकारी को भेजा गया है जिस पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की जाती है।

नई टिहरी में अविकसित भूखंड की आवंटन के क्रम में वरिष्ठ प्रबंधक पुनर्वास निदेशालय के पत्र के माध्यम से दी गई सूचना भ्रामक एवं सत्य है पुनर्वास विभाग द्वारा नई टिहरी शहर में आविकसित भूखंड आवंटित किये जा रहे है जिस पर अभिलंब रोक लगाई जाए। नई टिहरी में परिवहन कार्यालय हेतु भूमि आवंटन से संबंधित पुनर्वास निदेशालय द्वारा भूमि आवंटन को लेकर सचिव सिंचाई उत्तराखंड देहरादून को निशुल्क भूमि आवंटन किए जाने हेतु लिखे जाने की सूचना की गई है जिस पर शीघ्र कार्यवाही की जाए जिससे टिहरी शहर की विकास की गति बनी रहे।

बैठक में अतिरिक्त भूमि का वन टाइम सेटलमेंट, नई टिहरी पेयजल व्यवस्था, स्टेडियम के विस्तारीकरण, राज्य सड़क मार्ग से विदेशी शराब की दुकान को हटाने की मांग की गई। नगरीक मंच द्वारा निर्णय लिया गया है की सोमवार को मंच का शिष्य मंडल जिलाधिकारी मांगों को लेकर भेंट करेगा। मंच का संचालन जगजीत सिंह नेगी एडवोकेट महामंत्री नागरिक मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीपी डबराल, संरक्षक कमल सिंह मेहर, चतर सिंह चौहान, डॉ राकेश भूषण गोदियाल आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सकलानी की पत्नी का निधन, शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वृक्ष मानव के नाम से विख्यात स्वर्गीय विश्वेश्वर दत्त सकलानी की धर्मपत्नी भगवती देवी सकलानी का रविवार प्रातः लगभग 7 बजे निधन हो गया। वह लगभग 85 वर्ष की थी।

स्वर्गीय सकलानी दम्पती के पुत्र संतोष स्वरूप सकलानी ने बताया कि उनकी माताजी का निधन महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून में आज सुबह लगभग सात बजे हुआ। उनका एक माह से पांव के फेक्चर संबंधी इलाज गतिमान था। भगवती देवी सकलानी अपने पीछे चार पुत्र, बहुएँ, पोते-पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

उनके निधन से सकलाना क्षेत्र सहित समूचे जनपद में शोक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय विश्वेश्वर दत्त सकलानी पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के कारण वृक्ष मानव के नाम से देश-विदेश में प्रसिद्ध रहे हैं। उनके परिवार का सामाजिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भगवती देवी सकलानी का अंतिम संस्कार सोमवार प्रातः ऋषिकेश स्थित पूर्णानन्द घाट में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार के अवसर पर उप जिलाधिकारी अथवा तहसीलदार की उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी।

# यात्रा व्यवस्था में लगे जवानों को हैट व रिफ्रेशमेंट वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भीषण गर्मी में भारी यातायात दबाव के बीच ड्यूटी कर रहे जवानों के बीच पहुंचीं एसएसपी श्वेता चौबे। उन्होंने धूप से बचाव के लिए जवानों को हैट एवं रिफ्रेशमेंट वितरित किए। चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सीजन के दौरान मुनि की रेती क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव और भीषण गर्मी के बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे स्वयं सड़क पर उतरीं और यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न यातायात प्वाइंटों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात कर यातायात व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी विषम परिस्थितियों में भी जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं तथा उनके स्वास्थ्य, सुविधा एवं मनोबल का ध्यान रखना विभाग की प्राथमिकता है। एसएसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह व क्षेत्राधिकारी मुनि की रेती के साथ स्वयं यातायात संचालन की कमान संभालते हुए प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चारधाम यात्रियों, पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तथा प्रत्येक व्यक्ति के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

# मौत बनकर खाई में समा गई एसयूवी, एसडीआरएफ बनी फरिश्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक ऐसा भयावह सड़क हादसा हुआ, जिसने कुछ पलों के लिए हर किसी की सांसें थाम दीं। तिलवाड़ा पेट्रोल पंप के समीप एक एसयूवी अनियंत्रित होकर लगभग 50 से 60 मीटर गहरी खाई में जा गिरी और मंदा. कनी नदी किनारे बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में सवार पांच लोग मौत और जिंदगी के बीच संघर्ष कर रहे थे।



खाई की गहराई, दुर्गम भू-भाग और गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए किसी बड़े अनिष्ट की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन संकट की इस घड़ी में एसडीआरएफ देवदूत बनकर सामने आई और साहसिक रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी पांच घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः 05:10 बजे जिला नियंत्रण कक्ष रुद्रप्रयाग को दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही अगस्त्यमुनि से उप निरीक्षक धर्मेंद्र पवार के नेतृत्व में प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम अत्याधुनिक उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। जब टीम मौके पर पहुंची तो सामने का दृश्य बेहद भयावह था। वाहन संख्या यूपी 16 डीके 0856 (एसयूवी 700) सड़क से सैकड़ों फीट नीचे नदी किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा हुआ था। वाहन के शीशे टूट चुके थे और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल होकर सहायता की प्रतीक्षा कर रहे थे। खाई इतनी गहरी और रास्ता इतना जोखिमभरा था कि नीचे तक पहुं. चना ही किसी चुनौती से कम नहीं था।

हालात की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ ने जिला पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल संयुक्त रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान प्रिंस सिंह (30 वर्ष) निवासी पलामू, झारखंड, सभीमा सिंह (28 वर्ष) निवासी पश्चिम बंगाल, सुजोन मुखर्जी (27 वर्ष) निवासी जलपाईगुड़ी, ऋजा मुखर्जी (30 वर्ष) निवासी जलपाईगुड़ी तथा वाहन चालक प्रदीप कुमार (35 वर्ष) निवासी औरैया उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि राहत एवं बचाव दल कुछ देर और पहुंचता तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। ैक्स्थ की त्वरित प्रतिक्रिया, सटीक रणनीति और साहसिक कार्रवाई ने पांच परिवारों की खुशियां उजड़ने से बचा लीं।

# उक्रांद ने 2027 विधनसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भरी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए राज्य में अपनी सरकार बनाने का दावा किया है। रविवार को केदारबगड़ स्थित उक्रांद कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया।



बैठक को संबोधित करते हुए उक्रांद के केंद्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष नेगी ने कहा कि उत्तराखंड के जल, जंगल और जमीन पर प्रदेशवासियों का पहला अधिकार होना चाहिए। उन्होंने गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने की मांग दोहराते हुए कहा कि पहाड़ की राजधानी पहाड़ में होने से ही पर्वतीय क्षेत्रों का समग्र विकास संभव है।

महिला प्रकोष्ठ की केंद्रीय अध्यक्ष कर्नल संतोष भंडारी ने प्रदेश सरकार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधा।

उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा न होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दों पर बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में प्रदेश की जनता उक्रांद को पूर्ण बहुमत देकर सत्ता में भेजेगी।

पूर्व राज्य आंदोलनकारी एवं उक्रांद नेता भूपाल सिंह गुंसाई ने भाजपा और कांग्रेस पर प्रदेश की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि थराली और नंदानगर क्षेत्र आपदा से प्रभावित रहे हैं, लेकिन कई क्षतिग्रस्त पुलों और सड़कों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो सका है। साथ ही आपदा प्रभावितों को पर्याप्त मुआवजा न मिलने का भी आरोप लगाया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने विचार रखे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उक्रांद थराली के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सिंह नेगी, देवाल ब्लॉक अध्यक्ष हेमचंद्र मिश्रा, दर्शन सिंह शाह, मोहन राम आर्य, प्रकाश राम, जिलाध्यक्ष जमन सिंह मनेशा, पूजा शर्मा, मुन्नी देवी, सोनी बोरा, प्रेम सिंह, नरेंद्र गड़िया, आशीष बिष्ट, नगर अध्यक्ष किशोर सिंह रावत, यूथ विंग अध्यक्ष प्रियकृष्णा रावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वी सिंह नेगी, यशपाल सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रुद्रप्रयाग में सफाई व्यवस्था पर संकट के बादल: गोडियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर पालिका रुद्रप्रयाग एवं मोहल्ला स्वच्छता समितियों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने पालिका अध्यक्ष संतोष रावत एवं अधिशासी अधिकारी हरेंद्र चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 13 जून 2026 तक उनकी मांगों पर ठोस और सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। ऐसे में नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों से उनकी जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन में वर्ष 2018 में दस वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को नियमानुसार नियमित करने, दैनिक पर्यावरण मित्रों का पारिश्रमिक बढ़ाकर 805 रुपये प्रतिदिन करने तथा अन्य सभी कार्मिकों को न्यूनतम 1065 रुपये प्रतिदिन वेतन देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। सफाई कर्मियों ने दो माह से लंबित वेतन भुगतान पर भी नारा. जगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वेतन का समय पर भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट और गहरा जाएगा। कर्मचारियों ने प्रत्येक माह 5 से 10 तारीख के बीच वेतन जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी है। ज्ञापन में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण से जुड़े यूजर चार्ज को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि 50 रुपये मासिक यूजर चार्ज की वसूली मोहल्ला स्वच्छता समितियों के बजाय सीधे पालिका प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए।

सफाई कर्मियों ने कार्य के दौरान आम लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य सलाहकार आनंद सिंह गोडियाल, अध्यक्ष मनीष गोडियाल, नगर उपाध्यक्ष सुधेश कुमार, सचिव गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा में रुतबा का शौक पड़ा भारी

## अवैध हूटर और 'बिहार सरकार' लिखी स्कॉर्पियो सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर नियमों को धता बताकर वीआईपी रुतबा दिखाने और प्रशासनिक पहचान का दुरुपयोग करने की कोशिश एक वाहन चालक को भारी पड़ गई। रुद्रप्रयाग पुलिस ने ष्ऑपरेशन प्रहारष के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अवैध हूटर और 'बिहार सरकार' लिखी स्कॉर्पियो को पकड़कर न केवल उसका फर्जी रुतबा उतार दिया, बल्कि वाहन को मौके पर ही सीज कर सख्त संदेश भी दे दिया कि चारधाम यात्रा में नियमों से ऊपर कोई नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 7 जून को कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संयुक्त चे.कंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की एक स्कॉर्पियो (वाहन संख्या बीआर 01 एफटी 2735) पुलिस की नजर में आई। वाहन पर बड़े अक्षरों में 'बिहार सरकार' लिखा हुआ था तथा उसमें अवैध रूप से हूटर और नेम प्लेट लगाई गई थी, जिससे आम लोगों और प्रशासन पर प्रभाव डालने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस द्वारा वाहन की जांच और पूछताछ किए जाने पर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। वाहन में मौजूद कोई भी व्यक्ति उस नेम पट्टिका से संबंधित नहीं पाया गया और न ही वाहन पर लगाए गए हूटर एवं राजकीय पहचान चिह्नों के उपयोग का कोई वैध अधिकार प्रस्तुत किया जा सका।

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि केदारनाथ यात्रा के दौरान वीआईपी सुविधाएं हासिल करने और विभिन्न चेकिंग बिंदुओं पर विशेष लाभ लेने के उद्देश्य से वाहन पर फर्जी तरीके से हूटर एवं राजकीय पट्टिका का इस्तेमाल किया जा रहा था। रुद्रप्रयाग पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। वाहन से अवैध हूटर और नेम पट्टिका को जब्त कर लिया गया तथा मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत स्कॉर्पियो को मौके पर ही सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने स्पष्ट किया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की वीआईपी संस्कृति, फर्जी सरकारी पहचान, अवैध हूटर, दबंगई या यातायात नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यात्रा की सुचारू व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# तो वन आछरी मात्रीयां तो नहीं कर गई बबीता का हरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** दयारा बुग्याल की सुंदर वादियों नौ दिनों से रहस्यमयी ढंग से लापता रामनगर की बबीता पांडेय को अब वन आछरी मात्रीयां', के हरण करने की चर्चा होने लगी है।

बीते शनिवार को दयारा बुग्याल से लापता रामनगर की बबीता पांडेय की खोज 9 दिन भी जारी रही है। बबीता के परिजनों ने बबीता का अपहरण की आशंका जताई तो कुछ लोग पहाड़ों में रहने वाली आछरी मात्रीयों की और भी इशारा कर रहे हैं। ज्ञात हो कि हिमालयी अंचल की लोकसंस्कृति रहस्यमयी कथाओं, देवी-देवताओं और लोकविश्वासों से समृद्ध रही है। इन्हीं लोकमान्यताओं में एक

## पहाड़ों में मात्रीयां लोकविश्वास और लोककथाओं का अनोखा संसार

नाम है 'आछरी मात्रीयों' का, जिनका उल्लेख उत्तराखंड के कई पर्वतीय क्षेत्रों की लोककथाओं, लो.कगीतों और जनश्रुतियों में मिलता है।लोकविश्वास के अनुसार आछरी मात्रीयां पर्वतों, घने वनों, बुग्यालों, जलस्रोतों और निर्जन स्थानों में निवास करने वाली अलौकिक शक्तियां मानी जाती हैं। ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि ये सुंदर स्त्री स्वरूप में प्रकट होती हैं और प्रकृति की संरक्षक मानी जाती हैं। कई क्षेत्रों में इन्हें देवी शक्ति का स्वरूप भी माना जाता है, जबकि कुछ स्थानों पर इन्हें रहस्यमयी वनदेवियों के रूप में पूजा जाता है। लोककथाओं के अनुसार आछरी मात्रीयां विशेष रूप से सांझ ढलने के बाद वन क्षेत्रों और जलधाराओं के आसपास विचरण करती हैं। पुराने समय में ग्रामीण बच्चों और पशुपालकों को शाम के समय अकेले जंगल न जाने की सलाह देते हुए आछरियों की कहानियां सुनाते थे। माना जाता था कि जो व्यक्ति प्रकृति का अनादर करता है, उसे ये शक्तियां दंडित भी कर सकती हैं। गढ़वाल और जौनसार-बावर क्षेत्र की कुछ लोकगाथाओं में आछरी मात्रीयों का वर्णन अत्यंत सुंदर, सफेद वस्त्रधारी और मधुर संगीत प्रिय दिव्य स्त्रियों के रूप में किया गया है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



## गुरुजनों व अध्यापकों का भी हुआ सम्मान, नया नगर मेहुँवाला में आयोजित किया गया मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को वार्ड नंबर- 88, मेहुँवाला के सामाजिक कार्यकर्ता मुरसल.ीम अली (मुरली) की और से सम्मानित किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज मेहुँवाला, दून सिटी मॉन्टेन्सरी स्कूल, आजाद एजुकेशनल एकेडमी व न्यू दून वैली पब्लिक स्कूल मेहुँवाला के कुल 182 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रों के साथ ही कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज मेहुँवाला के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह पँवार, सहायक अध्यापक सुभाष झलड़ियाल, दून सिटी मॉन्टेन्सरी स्कूल मेहुँवाला की उप प्रधानाचार्य अन्नू पुशोला, आजाद एजुकेशनल एकेडमी के अध्यापक अब्दुर रहमान व न्यू दून वैली पब्लिक स्कूल मेहुँवाला के अध्यापक जाकिर अंसारी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मुरसलीम अली ने कहा कि मेहनत और लगन से जीवन में किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। छात्रों का सीमित संसाधनो के बावजूद भी बोर्ड परीक्षाओ में शानदार प्रदर्शन करना वास्तव में प्रेरणादायक है। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मोहम्मद आशिक ने किया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज मेहुँवाला के प्रधानाचार्य गढ़िया, सुभाष झलड़ियाल, डॉ. राजपूत, मुकेश पुरोहित, इकरा, कृष्ण कांत, अब्दुर रहमान, जाकिर अंसारी, सोहेल राव, फरीद अहमद, सलमान आदि उपस्थित रहे।

# जोशी ने किसानों से वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**काशीपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को काशीपुर स्थित गन्ना प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रव्यापी "खेत बचाओ अभियान" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों की मेहनत और नवीन तकनीकों को अपनाने की सोच ही कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं कम से कम उपयोग का आग्रह करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए नियमित मृदा परीक्षण (सॉइल टेस्टिंग) कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों



काशीपुर में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में कृषि मंत्री

को वैज्ञानिक तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं जैविक उपायों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना समय की आवश्यकता है। यदि किसान मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करेंगे तो उत्पादन लागत कम होगी, फसल की गुणवत्ता बढ़ेगी तथा भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहेगी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों से जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतु.लित उपयोग और पर्यावरण अनुक.ूल कृषि पद्धतियों को अपनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इससे जहां भूमि की उर्वरता संरक्षित रहेगी, वहीं कृषि लागत में कमी आने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों के हित में ड्रैगन फ्रूट, कीवी तथा मिलेट जैसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई गई हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पहले मिट्टी का परीक्षण केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित था, जिसके कारण किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती थी। इस अवसर पर मेयर काशीपुर दीपक बाली, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला कृषि अधिकारी विकेश यादव, जिला उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा सहित विभागीय अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### एसएसपी के नेतृत्व में नशा तस्करो के विरुद्ध सहसपुर पुलिस का प्रहार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने एक नशा तस्कर को 519 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने व नशा तस्करो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहसपुर द्वारा पूर्व से गठित पुलिस टीम ने चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, रोकथाम जुर्म जरायम तथा चौकिंग अवैध मादक पदार्थ अवैध शराब एंव आकस्मिक चौकिग के दौरान शीतला नदी के पुल से आगे जामनखाता रोड आम के बगीचे के पास सहसपुर क्षेत्र से आशिक पुत्र हमीद निवासी खुशहालपुर कोतवाली सहसपुर के कब्जे से 519 ग्राम चरस बरामद होने पर बीते रोज 6 तारीख को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध कोतवाली सहसपुर पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही विभिन्न धाराओं में थाना सहसपुर में चार मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसआई नीरज त्यागी, सिपाही विकास त्यागी व फरमान अली शामिल रहे।

### जेठ माह के चौथे रविवार को मां काली मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जेठ माह के चौथे रविवार को इंद्रोली और जाड़ी स्थित मां काली के पौराणिक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जौनसार-बावर सहित रवाई, जौनपुर, गढ़वाल और हिमाचल प्रदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां काली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जौनसार-बावर की इष्ट देवी मां काली के इन प्राचीन मंदिरों के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि जेठ माह के चारों रविवार को यहां दर्शन करने का विशेष महत्व होता है। भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर मां काली के दर्शन किए और अपनी मनोक.ामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। मंदिर समिति की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर पुजारी प्रेम जोशी, मंदिर के वजीर टीकम सिंह, भंडारी खजान सिंह, ठानी केशर सिंह, देव माली कुंवर सिंह, अरविंद, अतर सिंह सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चारधाम यात्रा, रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक आवाजाही पर रोक

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए देहरादून पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश स्वयं श्ग्राउंड जीरोश पर उतरकर यात्रा व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पुलिस ने यात्रा मार्ग पर आवा.जाही के लिए कड़े नियम लागू किए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने यात्रा मार्ग पर रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक वाहनों के संचालन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। इस अवधि में यात्रा पर जाने वाले किसी भी वाहन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है। एसएसपी के निर्देशों का पालन करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं के साथ बेहद सौहार्दपूर्ण और मित्रवत व्यवहार कर रहे हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य न केवल यातायात प्रबंधन है, बल्कि यात्रियों की हर संभव सहायता करना और उन्हें एक सुरक्षित अनुभव प्रदान करना भी है।

### 8 घंटे में घर लौटी लापता नाबालिग

**देहरादून।** पटेलनगर पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लापता नाबालिग किशोरी को मात्र 8 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल किशोरी अपने परिवार से मिल सकी, बल्कि परिजनों ने भी पुलिस की कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटेलनगर क्षेत्र निवासी एक महिला ने 6 जून, 2026 को कोतवाली में अपनी 14 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि उनकी बेटी दोपहर में घर से सामान लेने के लिए निकली थी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटी। एसएसपी के निर्देशों के बाद, पटेलनगर पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों का उपयोग करते हुए घर के आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। 7 जून, 2026 को पुलिस टीम ने किशोरी को आशारोडी क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि किशोरी घर पर परि.जनों द्वारा डांटने से नाराज थी, जिसके चलते वह घर छोड़कर चली गई थी।

### राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने की सीएम से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने मुख्य सेवक सदन पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की व विभिन्न समसामायिक विषयो पर चर्चा की। डॉ. बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओजपूर्ण मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की नई बयार बह रही है।

# केदारनाथ विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी को लेकर ऐश्वर्या रावत की बड़ी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों को सड़क सुविधा से जोड़ने और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने की दिशा में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न मोटरमार्गों को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश के ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मंत्री भरत सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

ज्ञापन में ऐश्वर्या रावत ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी सड़क सुविधा से पूर्ण रूप से नहीं जुड़ पाए हैं। सड़क संपर्क के अभाव में ग्रामीणों, छात्रों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं मरीजों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर तय करना पड़ता है। बरसात और आपदा के समय यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। ऐसे में क्षेत्र के समग्र विकास तथा ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित मोटरमार्गों को शीघ्र स्वीकृति मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विकासखंड ऊखीमठ के अंतर्गत कोटमा से ग्राम स्यांसू तक मोटरपुल एवं मोटरमार्ग निर्माण, रांऊलैंक से रांऊ स्वर्ण मोटरमार्ग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दैडा होते हुए तल्ला बरंगाली मोटरमार्ग, देवशाल-कोठेडा- नारायणकोटि मोटरमार्ग, त्यूड़ी- सेमकुराला-कोरखी तल्ली मोटरमार्ग, दिलणा-ग्वाड़-काण्डा मोटरमार्ग तथा किमाणा से कन्था मोटरमार्ग लंबे समय से प्रस्तावित हैं और क्षेत्रीय जनता इनकी स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही है। इसके अतिरिक्त विकासखंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत अन्धेरगढ़ी-तलसारी मोटरमार्ग के जयचौरा से ऐंटा, पवननगर, थापली, भंगर और कमसाल तक मोटरमार्ग निर्माण भी अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे अनेक गांवों की वर्षों पुरानी सड़क संपर्क की समस्या का समाधान हो सकेगा। ऐश्वर्या रावत ने कहा कि इन मोटरमार्गों के निर्माण से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था मजबूत होगी,

# कांग्रेसियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में दिया धरना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से शिवाजी मार्ग, कांवली में स्थापित किए गए ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में व क्षेत्र की जर्जर-टूटी हुई सड़कों की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता विनोद कुमार एडवोकेट व दिनेश सिंह कौशल अध्यक्ष उत्तराखंड श्रम कांग्रेस ने अपने सम्बोधन में कहा कि काँवली रोड मे जर्रर हुई सड़को के कारण लगातार दुर्घटनाए हो रही है।

हाल ही में टूटी सड़को के कारण मजदूर कि दुर्घटना में मौत में हो गई जिसका जिम्मेदार शासन-प्रशासन है व स्थानीय विधायक खजान दास है जो लगातार राजपुर रोड कि बस्तियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। कहा कि कांवली रोड में कचरा डांपिंग जोन बनाया हुआ है जिसके कारण जनता को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर नगर निगम से नगर स्वास्थ्य अधिकारी आनंद शुक्ला ज्ञापन लेने पहुँचे और समस्या का निस्तारण का आश्वासन दिया।

# शिक्षक से मारपीट और अभद्रता करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पॉलिटेक्निक कॉलेज में घुसकर शिक्षकों के साथ मारपीट और अभद्रता करना देहरादून पुलिस में तैनात एक उप-निरीक्षक को महंगा पड़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपी उप-निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गत 05 जून 2026 को पित्थूवाला स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में पुलिस दूरसंचार शाखा में तैनात उप-निरीक्षक महेश कंडवाल ने कॉलेज के स्टॉफ के साथ मारपीट की। आरोप है कि उप-निरीक्षक ने न केवल शिक्षकों के साथ अभद्रता की, बल्कि उनके सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग और स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया। मामला संज्ञान में आते ही एसएसपी ने इसे अनुशासनहीनता और पद की गरिमा के विरुद्ध माना। एसएसपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उप-निरीक्षक महेश कंडवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्दी में रहकर कानून हाथ में लेने वाले और पद की गरिमा गिराने वाले किसी भी कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। उप-निरीक्षक के निलंबन के साथ ही मामले की विभागीय जांच भी बिठा दी गई है।

# नेहरू कॉलोनी पुलिस ने किया नकबजनी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एसएसपी की सटीक रणनीति और दून पुलिस की तत्परता ने एक बार फिर शातिर अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस ने क्षेत्र में हुई एक बड़ी नकबजनी की घटना का मात्र 36 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी की गई लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की शत-प्रतिशत ज्वेलरी और नगदी बरामद की है।बीती 05 जून को केदारपुरम निवासी श्रीमती रेनू ने घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर तत्काल एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और मुखबिर की सटीक सूचना पर 06 जून को डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र से शातिर अपराधी तैय्यब को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी तैय्यब ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि वह मजदूरी और मिस्त्री का काम करता है और पूर्व में भी कई बार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना नेहरू कॉलोनी का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर चोरी, नकबजनी व आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में करीब 12 मामले पहले से दर्ज हैं। वह चोरी का माल लेकर दून से बाहर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे धर दबोचा।पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने का बिस्किट (20 ग्राम), सोने का पैंडल, पहाड़ी नथ, कान के टॉप्स, नाक की रिंग, मंगलसूत्र, 04 जोड़ी चांदी की पायल, 03 चांदी के सिक्के और 2100 रुपये नकद बरामद किए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**देहरादून।** आगामी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में भव्य और सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें योग दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई।बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने अब तक हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित श्कॉमन योग प्रोटोकॉलश के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों और सरकारी दफ्तरों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि योग को जन-आंदोलन बनाया जा सके।मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, ष्योग मात्र एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी हो।ष उन्होंने कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया।बैठक के दौरान श्योग ब्रेकश विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। योग प्रशिक्षक रविन्द्र थपलियाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया।

## जुगरान ने की केशव नेगी की रिहाई को लेकर बलूनी और भट्ट से वार्ता

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने दिल्ली मालवीय नगर अग्निकांड में होटल के शैफ/ कुक केशव नेगी की गिरफ्तारी पर उत्तराखण्ड में उपजे आक्रोश से पौड़ी गढ़वाल सांसद व राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य राज्य सभा महेंद्र भट्ट से वार्ता कर केशव नेगी की अविलंब रिहाई को लेकर वार्ता की। अनिल बलूनी ने रवीन्द्र जुगरान को बताया कि दिल्ली के पुलिस कमीशनर से उन्होने इस संबंध में बात की है और शीघ्र ही उनकी रिहाई सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रवीन्द्र जुगरान को आश्वस्त किया कि उत्तराखण्ड सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर केशव नेगी की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करेगी

# मुंडवाण गांव में आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** कालसी ब्लाक अंतर्गत खघ्त विशायल के मुंडवाण गाँव में रविवार का दिन आस्था और परंपरा के नाम रहा। गाँव के नाग देवता मंदिर में ग्रामीणों और गाँव की बेटियों (ध्यांटूडियों) ने सामूहिक सहयोग से नाग देवता को चांदी से निर्मित देव छड़ी, पेटारी और डोरिया अर्पित की। इस पावन अवसर पर पूरे गाँव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

नाग देवता मंदिर समिति के अध्यक्ष टिकम सिंह चौहान ने जानकारी दी कि इस धार्मिक आयोजन में गाँव की लगभग 100 से अधिक विवाहित और अविवा.हत बेटियों ने अपनी श्रद्धा प्रकट की। उन्होंने आपसी सहयोग से नाग देवता के लिए चांदी की सुंदर पेटारी भेंट की। वहीं, गाँव के 18 परिवारों और नौकरी पेशा वर्ग के लोगों ने मिलकर नाग देवता के लिए चांदी की छड़ी और डोरिया मंदिर को समर्पित किया। इस मुख्य अनुष्ठान से पूर्व गाँव के निवासियों द्वारा नाग देवता के देव चिन्हों को विधि-विधान के साथ हरिपुर यमुना घाट ले जाया गया, जहाँ उन्हें पवित्र स्नान कराया गया।



ग्रामीणों और बेटियों ने नाग देवता को अर्पित की चांदी से निर्मित देव चिन्ह

इसके बाद गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप के साथ देव चिन्हों को वापस गाँव लाया गया और मंदिर में विधिपूर्वक स्थापित किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में गाँव के प्रबुद्धजन और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान सितंबर सिंह चौहान, दौलत सिंह चौहान, देव माली रूपराम चौहान, प्रवीण चौहान और केदार सिंह चौहान सहित गाँव की बेटियाँकृपूनम चौहान, भुवनेश्वरी देवी, सुमित्रा चौहान, उर्मिला देवी, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान व नीलम चौहान आदि विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# प्रेस प्रसंग व शादी के दबाव के कारण राम प्रकाश उर्फ गोविंदा ने भाई व जीजा के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

## 600 घंटे की सीसीटीवी फुटेज व 1.64 लाख नम्बरों की पड़ताल कर हत्यारोपियों तक पहुंची हरिद्वार पुलिस

### कौशलया के ब्लाइंड मर्डर का सनसनीखेज खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चंडी देवी मंदिर रोपवे मार्ग के पास झाड़ियों में मिली अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश से शुरू हुई एक रहस्यमयी कहानी का आखिरकार हरिद्वार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। करीब 25 दिनों तक चली मैराथन जांच, 600 घंटे से अधिक सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल, 1.64 लाख मोबाइल नंबरों का विश्लेषण और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंची पुलिस टीम की अथक मेहनत के बाद इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा हुआ है। एसएसपी नवनीत सिंह की निगरानी में काम कर रही पुलिस टीम ने न सिर्फ मृतका की पहचान उजागर की, बल्कि हत्या की पूरी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद निवासी कौशल्या के रूप में हुई है, जिसकी हत्या प्रेम प्रसंग और शादी के दबाव से परेशान होकर आरोपी रामप्रकाश उर्फ गोविंदा ने अपने भाई और जीजा के साथ मिलकर की थी।

एसएसपी नवनीत सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 10 मई को थाना श्यामपुर क्षेत्र के चंडी देवी मंदिर के रोपवे के निकट वन विभाग द्वारा प्रतिबंधित पैदल मार्ग पर घनी झाड़ियों के बीच एक महिला का नग्न शव बरामद हुआ था। शव कई दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़ चुका था और चेहरा पहचानने योग्य नहीं बचा था। मौके से दो कुंडल, टूटा मंगलसूत्र, एक सफेद गमछा तथा गले में कसकर बंधा ब्लाउज





बरामद हुआ, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नवनीत सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच के लिए टीम गठित की। एसपी क्राइम निशा यादव के पर्यवेक्षण में थाना श्यामपुर और सीआईयू की संयुक्त टीम को दो अहम जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पहली मृतका की पहचान स्थापित करना और दूसरी हत्यारों को गिरफ्तार करना। जांच के दौरान पुलिस को मृतका के हाथों पर गुदे टैटू अहम सुराग मिले। एक हाथ पर अंग्रेजी में कौशलिया और दूसरे पर के.आर के साथ दिल का चिन्ह बना हुआ था। पुलिस ने देशभर के रिकॉर्ड खंगाले तो वर्ष 2019 से अब तक कौशल्या नाम की 164 गुमशुदा महिलाओं का रिकॉर्ड सामने आया। वहीं निर्वाचन अभिलेखों में 3540 महिलाओं का नाम कौशल्या मिला। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस ने घटनास्थल के पांच किलोमीटर दायरे में लगे कैमरों की एक से दस मई तक की फुटेज खंगाली। लगभग 144 घंटे के डंप डाटा से मिले 1,64,605 मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया गया। आखिरकार 8 मई की सीमित सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला। फुटेज में रात के समय तीन पुरुषों के साथ एक महिला चंडी देवी मंदिर की ओर जाते दिखाई दी, लेकिन लौटते समय महिला उनके साथ नहीं थी। इसके बाद संदिग्ध मोबाइल नंबरों, लोकेशन और रूट चार्ट का विश्लेषण किया गया तो बांदा निवासी राकेश, रामप्रकाश उर्फ गोविंदा और छेदीलाल के नाम सामने आए। जिनको हिरासत में लिया गया और पूछताछ में सामने आया कि रामप्रकाश और कौशल्या के बीच प्रेम संबंध थे। रामप्रकाश पहले से शादीशुदा था, लेकिन कौशल्या उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इसी दबाव से छुटकारा पाने के लिए रामप्रकाश ने अपने भाई राकेश और जीजा छेदीलाल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के तहत कौशल्या को चंडी देवी दर्शन कराने के बहाने हरिद्वार लाया गया और सुनसान स्थान पर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। एसपी सिटी अभय प्रताप ने बताया कि पकडे गए आरोपी राकेश पुत्र राजा निवासी ग्राम ग्योडीबाबा थाना कोतवाली नगर बांदा जनपद बांदा, रामप्रकाश उर्फ गोविन्दा पुत्र राजा निवासी ग्राम ग्योडीबाबा थाना कोतवाली नगर बांदा जनपद बांदा व छेदीलाल पुत्र ईशूरी प्रसाद निवासी ग्राम काहला गंछा थाना कोतवाली नगर बांदा जिला बांदा उत्तर प्रदेश को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस खुलासे पर पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप ने जांच टीम को पांच हजार तथा एसएसपी हरिद्वार ने ढाई हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस टीम में एसपी क्राइम अपराध निशा यादव, एसपी सिटी अभय सिंह, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, प्रभारी निरीक्षक सीआईयू नरेन्द्र सिह बिष्ट, थानाध्यक्ष श्यामपुर नितेश शर्मा, व.उ.नि. मनोज रावत, चौकी प्रभारी चंडीघाट सन्तोष सेमवाल, उनि. मोहन कठैत, म.उ.नि. रचना पठानिया, अ.उ.नि. रविन्द्र गौड, अ. उ.नि. दरम्यान सिंह, हे.का. प्रेम सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### ई-रिक्शा चालक को टक्कर मारने के मामले में रोडवेज बस चालक पर मुकदमा

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी फ्लाईओवर के निकट रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनखल कोतवाली में दर्ज शिकायत के अनुसार बैरागी कैंप शेखुपुरा निवासी मोनू कश्यप ने बताया कि उसका भाई गौरव ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। चार जून की दोपहर वह ज्वालापुर से कनखल की ओर आ रहा था। आरोप है कि गुरुकुल कांगड़ी फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रही हरिद्वार डिपो की रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया और चालक गौरव के सिर में गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। कोतवाल देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बस चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### एसी आउटडोर यूनिट को लेकर विवाद, दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया मुकदमा

**हरिद्वार।** चंद्राचार्य अपार्टमेंट में एसी के आउटडोर यूनिट को लेकर पड़ोसियों के बीच हुआ विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। पहले पक्ष की शिकायत के बाद अब दूसरे पक्ष ने भी मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फ्लैट संख्या सी-101 निवासी चिराग तनेजा ने कनखल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि भूतल पर रहने वाले लोकेश मेहंदीरत्ता और उनकी पत्नी अंजू मेहंदीरत्ता ने बिल्डिंग के शाफ्ट में एसी का आउटडोर यूनिट लगाया हुआ है, जिससे गर्म हवा और गंदगी की समस्या हो रही थी। इसी मुद्दे पर दो जून की रात बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। चिराग के अनुसार विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज और मारपीट हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान उनकी मां के साथ अभद्रता की गई तथा उन्हें धक्का देकर गिरा दिया गया। वहीं उनके हाथ पर भी चोट पहुंचाई गई। दूसरी ओर लोकेश मेहंदीरत्ता और उनकी पत्नी ने भी पड़ोसी परिवार पर मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए पहले ही मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाल देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### 3.67 अवैध स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में अवैध स्मैक बेच रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 3.67 ग्राम अवैध स्मैक, एक मोबाइल फोन और 250 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी चन्द्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के क्रम में पुलिस टीम ने रात्रि चेकिंग के दौरान नहर पटरी स्थित लाल पुल के पास से साकिर पुत्र जाबिर निवासी मोहल्ला झाड़ान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 3.67 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएक्ट मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रेल समीप पाण्डेय, कां. सतवीर सिंह, कां. रवि चौहान शामिल रहे।

# निर्माण के कुछ ही दिनों में जर्जर हुई पुलिया, स्लैब भी टूटे

### कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**सैल सलमानी**

**हरिद्वार।** नगर निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ज्वालापुर के कटहरा बाजार स्थित जामा मस्जिद के समीप हाल ही में निर्मित पुलिया निर्माण के कुछ ही दिनों बाद बदहाल होती दिखाई दे रही है। पुलिया के ऊपर बनाई गई सड़क पर भी गड्ढे बनने शुरू हो गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों व व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया होता तो पुलिया और सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होती। व्यापारियों ने इसे सरकारी धन की बर्बादी बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।



उल्लेखनीय है कि नगर निगम के निर्माण कार्यों में लापरवाही का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले ईदगाह रोड मौहल्ला पांवधोई में बनाई गई पुलिया भी निर्माण के कुछ समय बाद ही जर्जर हो गई थी, जिस पर भी सवाल उठे थे। अब कटहरा बाजार स्थित इस पुलिया की जर्जर स्थिति सामने आने के बाद निर्माण कार्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। मामले में व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त से पुलिया निर्माण की तकनीकी जांच कराने, ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त पुलिया का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है। वही, इस संबंध में पार्षद नौमान अंसारी ने कहा कि नगर आयुक्त से मामले की शिकायत की जाएगी तथा पुलिया को सही कराने के लिए प्रस्ताव भी सौंपा जाएगा। पुलिया पर डाले गए रैंप को भी बदलवा कर सही प्रकार से निर्माण कराया जाएगा।

# गंडासों से हुए जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

### पीड़ित पक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम दिनारपुर में दिनदहाड़े हुए खूनी हमले के मामले में अब पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल रजत शर्मा की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों ने बताया है कि अगले 72 घंटे घायल के लिए बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर हैं। रविवार को पीड़ित पक्ष के परिजन, रिश्तेदार और समर्थक बड़ी संख्या में थाना पथरी पहुंचे तथा थाना प्रभारी से मुलाकात कर नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों का कहना है कि हमले के बाद से आरोपी खुले घूम रहे हैं, जिससे




पीड़ित परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल है। परिजनों ने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो थाना पथरी पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। थाना पथरी पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर ग्राम दिनारपुर में गंडासों से हुए हमले में विनोद शर्मा और रजत शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हमलावरों पर वाहनों में तोड़फोड़ करने का भी आरोप है। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# 2027 में सरकार गठन में भूमिका निभाएगा रालोद : त्रिलोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय लोकदल के गढ़वाल मंडल कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथी राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी का कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसान, मजदूर, युवा और आमजन के हितों के लिए समर्पित किया। उनकी विचारधारा आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति के उन जननायकों में शामिल हैं। जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और जहां भी रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह ने भी किसानों और मजदूरों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। वर्तमान में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही जयंत चौधरी का देहरादून दौरा प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियों में सभी कार्यकर्ताओं को जुटना होगा। त्यागी ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में लोकदल उत्तराखंड में चुनाव लड़ेगा ओर सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभाएगा, लोकदल के कार्यकर्ता मजबूती से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव एवं एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह और बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों में समानता थी। दोनों महापुरुषों ने समाज के वंचित, शोषित और किसान वर्ग के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में रालोद का संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में पार्टी कई क्षेत्रों में प्रभावशाली भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के प्रस्तावित देहरादून कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए तत्कालीन पर्वतीय क्षेत्र (वर्तमान उत्तराखंड) के लिए भूमि एवं वन संबंधी अनेक महत्वपूर्ण सुधार किए, जिनका लाभ आज भी प्रदेश को मिल रहा है। सम्मेलन में प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रमोद डोभाल, प्रदेश सचिव आरती जायसवाल, रूपाली चौधरी, एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर सिंह राजा, प्रदेश महासचिव लोकेश सैनी, जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, प्रदेश सचिव डा. योगेंद्र उनियाल, विक्रम रावत, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, युवा लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र पवार, उबैदर रहमान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कूड़ा वाहनों को किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने दो नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजीव शर्मा ने बताया कि नगरवासियों को बेहतर, स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नए कूड़ा वाहनों से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान पालिका सभासद, नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक सहित पालिका के तमाम कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची का दिन-दहाड़े अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र से तीन वर्षीय बच्ची के दिन दहाड़े अपहरण से हड़कंप मच गया। घर के बाहर खेल रही बच्ची को एक महिला व एक पुरुष अपने साथ ले है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि ठोकर नंबर-10 स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र निवासी विनोद सोलंकी की तीन वर्षीय पुत्री राधिका शनिवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। कुछ देर बाद बच्ची के अचानक गायब होने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन बच्ची की कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में एक पुरुष आगे चलते हुए तथा पीछे बच्ची चलते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही दोनों के पीछे आरोपी महिला भी जाती दिखाई दे रही है। जिसके बाद आरोपी युवक द्वारा बच्ची को गोद में उठाकर एक ऑटो में बैठकर वहां से चले गये। इसके बाद अपहरण की आशंका की पुष्टि होने पर पुलिस ने अज्ञात महिला व पुरुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। आसपास के जनपदों और अन्य राज्यों की पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, आठ के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** फेरूपुर चौकी क्षेत्र के गांव चांदपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि घात लगाकर बैठे आरोपियों ने रास्ता रोककर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार गांव चांदपुर निवासी नोमान त्यागी पुत्र कुरबान अली ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने भाई के साथ हरिद्वार के रानीपुर मोड़ पर कंप्यूटर व्यवसाय करता है। 5 जून की देर रात अपने परिजनों के साथ ऑल्टो कार से घर लौट रहा था। गांव चांदपुर स्थित मंदिर गेट के पास पुरानी रंजिश रखते हुए पहले से घात लगाए बैठे जिशान पुत्र अल्ताफ, महताब पुत्र अजीज, अल्ताफ पुत्र अजीज, रसीदा पत्नी अल्ताफ, इशरार पुत्र अजीज, नजरीन पत्नी इशरार, अनस पुत्र इशरार और फैसल पुत्र अल्ताफ ने उनकी कार को बीच रास्ते में रोक लिया। धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे महजबी और हन्नान पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय हरिद्वार ले जाया गया। जहा चिकित्सको ने घायल काफियान, मन्नान, व मजहबी की गंभीर चोटों का ईलाज के बाद चिकित्सा मेडिकल रिपोर्ट देकर छुट्टी कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित नोमान त्यागी की तहरीर के आधार पर सभी आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डूबे युवक का शव पांच दिन बाद बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बहादराबाद।** कोतवाली क्षेत्र की किश्ती नहर में नहाते समय डूबे रावली महदूद निवासी युवक का शव पांच दिन बाद बरामद हो गया है। एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को शव को नहर से बाहर निकाला और स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक, रावली महदूद निवासी सचिन कुमार (23 वर्ष) पुत्र पप्पू बीते 2 जून को बहादराबाद क्षेत्र में किश्ती नहर में नहाने गया था। इस दौरान पानी का बहाव तेज होने के कारण वह अचानक उसमें बह गया और लापता हो गया। रविवार को सर्चिंग अभियान के दौरान टीम को पुराने पथरी पावर हाउस के पास नहर में एक शव दिखाई दिया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान सचिन के रूप में हुई। एसडीआरएफ ने जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पुलिस को सौंप दिया है।

### संत समाज ने की महंत देवानंद वन के हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

# संतों की सुरक्षा के लिए कानून बनाए केंद्र सरकार : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राजस्थान के कोटा में हुई निरंजनी अखाड़े के महंत देवानंद वन की हत्या पर रोष प्रकट करते हुए संत समाज ने राजस्थान सरकार से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि महंत देवानंद वन की धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी गयी थी। पुलिस हत्यारों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि एक प्रतिष्ठित अखाड़े से जुड़े संत की हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकद्मा चलाकर कड़ी सजा दिलायी जाए। उन्होंने कहा



कि अखाड़ा परिषद एवं संत समाज का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर संतों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग करेगा। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज ने कहा कि समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ सनातन के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाने वाले महंत देवानंद वन की हत्या बेहद दुखदायी है। राजस्थान सरकार को कड़े कदम उठाते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर एवं भारत माता मंदिर के महंत स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि महंत देवानंद वन की हत्या से पूरे संत समाज में रोष है। सरकार को संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ महंत देवानंद वन की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर संत समाज को न्याय दिलाना चाहिए। स्वामी अनंतानंद, स्वामी रामानुज सरस्वती, स्वामी वेदमूर्ति पुरी, स्वामी आदि योगी पुरी, स्वामी सहजानंद पुरी, स्वामी कपिलानंद सरस्वती ने भी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

# सार्वजनिक नाली अवरूद्ध की शिकायत पर पहुंची निगम की टीम, जल भराव की समस्या की दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सार्वजनिक नाली को अवरुद्ध करने के मामले में नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। कॉलोनीवासियों की शिकायत के बाद निगम ने जहां अतिक्रमण करने वाले मकान स्वामी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तो वहीं नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नाली को खुलवाते हुए जल भराव की समस्या का समाधान कर दिया है। वहीं निगम अब नाली पर रैम्प डालकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की बात कह रहा है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 1 भूपतवाला स्थित जसबिंदर सिंह एन्क्लेव फेज-1 में एक मकान स्वामी द्वारा सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण करने व नाली अवरूद्ध करने का मामला सामने आया था।



इससे नाली का प्रवाह बाधित होने के कारण कॉलोनी में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों ने शनिवार को जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद नगर निगम की टीम ने रविवार को मौके पर पहुंचकर नाली की सफाई कराई और जमा पानी की निकासी कराते हुए जलभराव की समस्या को काफी हद तक दूर कर दिया है। हालांकि अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निगम द्वारा अब नाली पर रैम्प बनाकर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्यवाही करने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं इस संबंध में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिये जायेगे। सार्वजनिक नाली पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तेज बहाव में बहकर टापू पर फंसी हरियाणा की महिला, पुलिस ने निकाला सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में गंगा के तेज बहाव के बीच एक टापू पर फंसी हरियाणा की 55 वर्षीय महिला को पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। देर रात हुए इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अब महिला के परिवार वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। शनिवार देर रात कनखल के संन्यास रोड स्थित श्री कृष्णा आश्रम के पीछे गंगा नदी के बीच बने एक टापू पर एक महिला के फंसे होने की खबर मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। रात के समय गंगा में पानी का बहाव बहुत तेज था, जिसे देखते हुए तुरंत जल पुलिस (फ्लड टीम) को मौके पर बुलाया गया। जल पुलिस के जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए नाव की मदद से तेज बहाव के बीच टापू पर पहुंचकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस पूछताछ में महिला ने अपना नाम मैमवती (55 वर्ष) पत्नी लखन, निवासी गैहरब, पलवल (हरियाणा) बताया। महिला ने अपने बेटों के नाम सुरेंद्र और मुकेश बताए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, महिला गंगा में नहाते समय अचानक पानी के तेज बहाव में बह गई थी और बहते-बहते इस टापू पर जाकर फंस गई। रेस्क्यू के तुरंत बाद पुलिस ने 108 एंबुलेंस बुलाकर महिला को जांच और इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस अब महिला के दिए पते के आधार पर उसके परिजनों को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

# 24 घंटे में ठीक हुई पाइपलाइन, ग्रामीणों को मिला पानी

### खबर का असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के अहमदपुर ग्रन्ट डेरा के जल संस्थान की पाइपलाइन में लीकेज और लो प्रेशर की समस्या को 24 घंटे के भीतर ठीक कर दिया गया है। यह कार्रवाई दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद की गई। ग्रामीणों ने इस लीकेज एवं खुले में चल रहे व्यर्थ पानी की समस्या को लेकर विभाग को अवगत कराया था। इस लीकेज एवं खुले में चल रहे व्यर्थ पानी के कारण गांव में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही थी और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद जल संस्थान के अवर अभियंता विशाल यादव ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। उनके निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को ठीक किया एवं व्यर्थ पानी चलाने वालों को समझाया। पाइपलाइन की मरम्मत होने के बाद अहमदपुर डेरा गांव के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें सुचारु रूप से पानी की आपूर्ति मिल सकेगी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# चोरों पर 'ऑपरेशन प्रहार'

## तीन मंदिरों में हुई चोरी का खुलासा, कबाड़ी गिरफ्तार, सामान बरामद


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कोतवाली काशीपुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत काशीपुर में तीन मंदिरों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए शातिर चोर सहित चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर मंदिरों से चोरी का सामान, दान पात्र व नकदी बरामद की है।

विदित हो कि बीती 26 मई की रात्रि में नागिन शक्ति मंदिर, 31 मई की रात्रि में नागनाथ मंदिर व गंगे बाबा मंदिर में अज्ञात चोर द्वारा सनसनीखेज तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस संबंध में नागनाथ मंदिर के पुजारी गणेश नाथ महंत, गंगे बाबा मंदिर के संरक्षक राजेश शर्मा व नागिन शक्ति मंदिर के सचिव अभिषेक काम्बोज द्वारा कोतवाली काशीपुर में दी गई तहरीर के आधार पर धारा 305 (डी) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। चोरियो के खुलासे हेतु गठित टीम द्वारा 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के अतिरिक्त सर्विलांस/मैनुअल पुलिसिंग के आधार पर शनिवार को शातिर चोर तालिब हुसैन को चोरी के माल व चोरी में प्रयुक्त बाइक के साथ नौगजा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तालिब ने उक्त चोरी अपने साथियों सन्नी व मोइन निवासी रामनगर के साथ करने तथा मंदिर से चोरी किया गया माल कबाड़ी जलीस निवासी गड्ढा कॉलोनी कचनालगाजी काशीपुर को बेचना बताया। इसके बाद तालिब की निशानदेही पर कबाड़ी जलीस अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी कुमाऊं कॉलोनी कचनालगाजी, काशीपुर को मंदिर से चोरी किए सामान के साथ कबाड़ की दुकान से गिरफ्तार किया गया। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि शातिर चोर तालिब हुसैन पुत्र इरफान अली निवासी रेलवे लाइन रेलवे पड़ाव रामनगर जिला नैनीताल वर्ष 2022 में थाना रामनगर से भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है, जिससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा उसके खिलाफ पंजीकृत अन्य अभियोगों का भी पता लगाया जा रहा है। साथ ही वांछित अभियुक्त सन्नी पुत्र गो. विंद सिंह निवासी रेलवे पड़ाव रामनगर, मोईन निवासी पूछड़ी रामनगर की तलाश जारी है। पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक काशीपुर, नवीन बुधानी एसएसआई काशीपुर, मीना रावत प्रभारी चौकी कटोराताल अपर उपनिरीक्षक प्रकाश बोरा कांस्टेबल दर्शन सिंह, गौरव सनवाल, महेन्द्र देवड़ी थे।



# महापौर दीपक बाली ने सीएम से मिलकर जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने खटीमा पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की और उनके द्वारा काशीपुर में 25 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास करने पर काशीपुर की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। महापौर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए खटीमा के लिए प्रस्थान किया और वहां पहुंच कर मुख्यमंत्री श्री धामी से शिष्टाचार भेट की। उन्होंने काशीपुर में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुलाकात के दौरान काशीपुर में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर भी चर्चा हुई। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री धामी से काशीपुर के विकास को लेकर हुई भेट वार्ता काफी सफल रही। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि काशीपुर को काशी की तरह सजाने में सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

## एक नजर

### डंपर से कुचलकर हुई दो गायों की मौत

**काशीपुर।** डंपर से कुचलकर हुई दो गायों की मौत मामले में पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जिला गौरक्षा प्रमुख लवी तोमर बिल्लू द्वारा कोतवाली काशीपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि बीती 5 जून की मध्यरात्रि करीब सवा बारह बजे मानपुर रोड किनारे प्रकाश सिटी के पास एक गाय खड़ी थी कि तभी पीछे से आ रहे एक डम्पर के चालक ने तेजी व लापरवाही से जानबूझकर गाय को टक्कर मार दी तथा उसे 60 कदम घसीटता हुआ ले गया और उसे कुचलकर 100 कदम की दूरी पर दूसरी खड़ी गाय को भी जोरदार टक्कर मारकर उसके ऊपर भी डम्पर चढ़ा दिया जिससे दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गयी। तहरीर में डम्पर चालक के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग पुलिस से की गई है।

### चेकिंग अभियान में दो दर्जन से अधिक चालान

**काशीपुर।** सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर कुंडा कोतवाली पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में सूर्या चौकी पुलिस ने बॉर्डर क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियम तोड़ने वालों पर शि. कंजा कसा। चौकी प्रभारी सोनू सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना दस्तावेज वाहन चलाने वाले दो दर्जन से अधिक बाइक चालकों के ऑनलाइन एवं नगद चालान किए। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर तीन बाइकों के एमवी एक्ट के तहत कोर्ट चालान भी किए गए। चौकी प्रभारी सोनू सिंह ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सुरक्षा दीवार टूटी

**काशीपुर।** मुख्य चौराहे पर बना आरओबी लगातार चर्चाओं में बना रहता है। विगत रात्रि किसी तेज रफ्तार डंपर ने आरओबी की सुरक्षा दीवार तोड़ दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक किसी अज्ञात तेज रफ्तार डंपर ने टी-प्वॉइंट पर आरओबी की सुरक्षा दीवार टक्कर मारकर तोड़ दी। इससे सुरक्षा दीवार का एक बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे सड़क पर जा गिरा। गनीमत रही की रात के समय आवाजाही कम होने से कोई जनहानि नहीं हुई। इस टक्कर के बाद आरओबी के एक सरिये में काफी वजनी कंक्रीट एक बड़ा टुकड़ा फंसा रहा जो किसी भी समय नीचे गिरकर किसी की जान ले सकता था। सूचना मिलने पर एचएच की टीम ने समय रहते उसको हटा दिया बरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। एनएच के एई मनोज भट्ट ने बताया टूटी सुरक्षा दीवार को तत्काल ठीक करा दिया गया है। साथ ही पता लगाया जा रहा है कि आखिर किस वाहन से यह घटना हुई है।

### बाड़ीकोट तिराहे से चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** भतरौंजखान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पर्यटक बनकर आए चार लोगों को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 28 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भतरौंजखान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बाड़ीकोट तिराह भिकियासैंण पर चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके 18 वी 5195 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में रखा 28 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी गुरदयाल सिंह पुत्र लक्खा सिंह, हरदयाल सिंह पुत्र लक्खा सिंह, दोनों निवासी कचनालगाजी, नियर उजाला अस्पताल काशीपुर, हरप्रीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह, निवासी नियर प्राईमरी स्कूल गड्डा कालोनी काशीपुर, और ग्राम लोहारी, मानपुर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र जागीर सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत सात लाख से अधिक आंकी गई। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी भिकियासैंण, संजय जोशी, हेड कांस्टेबल, शमीम अहमद, अवधेश कुमार, कांस्टेबल हरीश प्रसाद, नीरज पाल शामिल रहे।

### प्रस्तावित बस अड्डे का स्थलीय निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह एवं विधायक प्रमोद नैलवाल ने ताड़ीखेत स्थित उत्तराखण्ड परिवहन निगम की निर्माणाधीन वर्कशॉप एवं प्रस्तावित बस अड्डे का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यशाला हेतु चयनित भूमि, प्रस्तावित निर्माण कार्यों तथा पहुंच मार्ग का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत कार्यशाला के लिए पहुंच मार्ग के संबंध में चर्चा की गई तथा सड़क निर्माण हेतु उपयुक्त मार्ग का चयन किया गया। चयनित मार्ग के निर्माण के लिए युवा कल्याण विभाग के निष्क्रिय एवं जर्जर भवन को ध्वस्त कर वहां से निकास मार्ग विकसित किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। वहीं कार्यशाला का प्रवेश मार्ग ताड़ीखेत बाजार की ओर से प्रस्तावित किया गया। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित मार्ग पर मौजूद अतिक्रमणों को चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय व्यापारियों एवं कारीगरों की सुविधा को देखते हुए कार्यशाला परिसर में कैंटीन तथा अन्य आवश्यक दुकानों की व्यवस्था विकसित करने के संबंध में भी निर्देश प्रदान किए। उन्होंने वनभूमि हस्तांतरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को प्रक्रिया में तेजी लाकर प्रस्ताव का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी एवं विधायक ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने।

## मिनी गोल्फः राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आईएमटी के विद्यार्थियों ने जीते रजत व कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के विद्यार्थी लगातार अपनी प्रतिभा के बल पर विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्तर पर अपना व संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। एससी गुडिया आईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड हायर स्टडीज की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में आयोजित मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बी कॉम (आनर्स) 5जी सेमेस्टर की छात्रा कल्पना चौहान ने सिंगल इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया वहीं। बीबीए की खुशबू ने स्पीड डबल इवेंट में रजत पदक एवं स्ट्रोक डबल इवेंट में कांस्य पदक जीता। छात्राओं को विगत 5 जून को सत्र 2024-25 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा प्रदान दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार विशाल शर्मा एवं क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की इस बड़ी उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ में हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी है।



# वैज्ञानिक व प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ' अभियान में किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज यहां गन्ना प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों की मेहनत और नवीन तकनीकों को अपनाने की सोच ही कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं कम से कम उपयोग का आग्रह करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए नियमित मृदा परीक्षण कराया जाना आवश्यक है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों के हित में ड्रैगन फ्रूट, कीवी तथा मिलेट जैसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई गई हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर तक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर किसानों और ग्रामीणों को मिट्टी परीक्षण तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मेयर दीपक बाली, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला कृषि अधिकारी विक. ेश यादव, जिला उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा सहित विभागीय अधिक. ारीगण एवं कृषकगण उपस्थित रहे।




# सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाएं न सुधरीं तो स्वास्थ्य मंत्री को घेरेगी कांग्रेसः अलका पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अलका पाल आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल आज केवल रेफर अस्पताल बनकर रह गया, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो जाता है। महानगर जिला अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि सरकार के द्वारा पूर्व में भी काशीपुर के सरकारी अस्पताल में 100 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन वह घोषणा आज भी धरातल पर नहीं उतर सकी है। सरकारी अस्पताल में हार्ट विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, निस्तेचक जैसे चिकित्सकों की कमी के कारण क्षेत्र के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाना पड़ रहा है, जो कि गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों की आर्थिक कमर तोड़ देता है। अलका पाल ने कहा कि अस्पताल का ड्रेनेज सिस्टम लचर अवस्था में है, जरूरी है कि सरकारी तंत्र को अस्पताल के ड्रेनेज सिस्टम को सुधार कर गंदगी की को दूर करने का काम किया जाए। अलका पाल ने अस्पताल के जीर्णोद्धार के लिए भी सरकार से आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर कांग्रेस जन हित में स्वास्थ्य मंत्री का घेराव करेगी।



# तीन बार सम्पर्क करेंगे बीएलओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड के निर्देशों के अनुसार जिले की दोनों विधानसभाओं हेतु जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने नागरिकों से मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने तथा बीएलओ को आवश्यक सहयोग देने की अपील भी की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को फल बनाने और मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को 8 जून से 7 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण और संकलन की जानकारी दी जाएगी। यदि कोई मतदाता पहली बार घर पर नहीं मिलता है तो बीएलओ तीन बार संपर्क करने का प्रयास करेंगे ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बताया जाएगा कि वे ईसीआई नेट एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप तथा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से गणना प्रपत्र डाउनलोड कर ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। साथ ही बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा के जरिए अपने बीएलओ से सीधे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी डीआर टम्टा, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ललित मोहन जोशी, संख्याधिकारी नरेंद्र पालनी, प्रकाश पांडेय, अम्बर अहमद, माया आदि उपस्थित रहे।

## धरा को हरा-भरा रखने को किया पौधरोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 692वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 692वे दिन डीडीहाट बंदरलीमा खिरचना स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। चंचल सिंह खोलिया ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए उनके द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में निरंजना गुरुरानी तथा देवेन्द्र व त्रिभुवन उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण जारी रहेगा।

# 25 वर्ष की उम्र में अमर हो गए अल्मोड़ा के लेफ्टिनेंट बीरेश्वर

## सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए युवा सैन्य अधिकारी






मोहित अधिकारी

**शाह टाइम्स, अल्मोड़ा।** देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी की शहादत ने पूरे उत्तराखंड, विशेषकर अल्मोड़ा जिले को गर्व और गहरे दु:ख से भर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए इस युवा सैन्य अधिकारी ने महज 25 वर्ष 8 माह की उम्र में वह मुकाम हासिल कर लिया, जिसे इतिहास सदियों तक याद रखेगा। बीरेश्वर गोस्वामी बचपन से ही अनुशासनप्रिय और देश सेवा के प्रति समर्पित थे। उनका सपना सेना की वर्दी पहनकर मातृभूमि की रक्षा करना था। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उन्होंने भारतीय सेना में अधिकारी बनने का सपना साकार किया और अपनी पहली ही जिम्मेदारियों में उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया। उनके शहीद होने की खबर जैसे ही अल्मोड़ा पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव, कस्बे और शहर के लोग अपने वीर पुत्र को अंतिम श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़े। सेना के विशेष प्रबंधों के तहत उनका पार्थिव शरीर राजौरी से जम्मू, फिर विशेष विमान द्वारा पंतनगर और हेलीकॉप्टर से अल्मोड़ा लाया गया। उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी, लेकिन चेहरे पर इस बात का गर्व भी था कि उनके बीच का एक बेटा देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर अमर हो गया। शनिवार शाम विश्वनाथ घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेना की टुकड़ी ने सलामी दी, जबकि 'भारत माता की जय' और 'लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी अमर रहें' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शहीद की अंतिम विदाई केवल एक सैनिक की विदाई नहीं थी, बल्कि उस जज्बे को सलाम था जो देश की सुरक्षा के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार रहता है। बीरेश्वर गोस्वामी अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर हमेशा जीवित रहेगी।

## मेधावी छात्र से सेना के जांबाज अधिकारी बनने तक का सफर

अथरबनी, पाण्डेखोला निवासी एवं मूल रूप से बाड़ी (बग्वालीपोखर) के रहने वाले लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी 5 असम रेजिमेंट में तैनात थे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत तथा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से प्राप्त की। ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले बीरेश्वर रजत पदक विजेता रहे। एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही उनका चयन कैट, एनएलयू और इंग्लैंड के एक विश्व. विद्यालय में भी हुआ था, लेकिन उन्होंने सेना में सेवा को चुना। जनवरी 2023 में सेना में शामिल हुए और जून 2024 में कमीशन प्राप्त किया। परिजनों के अनुसार दो दिन बाद उनका कैप्टन पद पर पदोन्नत होना भी प्रस्तावित था।

## पंतनगर विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाएं संपन्न

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर द्वारा आयोजित स्नातक एवं एमसीए कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। स्नातक कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 8,737 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 7,358 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार परीक्षा में लगभग 84.2 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं एमसीए कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 155 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 124 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न जनपदों में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। विश्वविद्यालय द्वारा दोनों दिवसों में आयोजित मास्टर्स एवं पीएचडी तथा यूजी एवं एमसीए प्रवेश परीक्षाओं में कुल 8785 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जबकि 1,710 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने स्नातक प्रवेश परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए कुलसर्चि. चव डा. दीपा विनय, परीक्षा नियंत्रक डा. एके उपाध्याय, सभी केंद्र अधीक्षकों, समन्वयकों, फ्लाइंग स्क्वाड के सदस्यों, निरीक्षकों तथा सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**
**वा. सं.- 67 सन् 2026**
**श्रीमती रजनी पंवार**
**बनाम**
**वीरेन्द्र पंवार**

चूंकि पिटिश्नर ने एक वाद अंतर्गत धारा 13 हिंदू विवाद अधिनियम एवं सपठित अंतर्गत धारा 25 समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 का वास्ते विवाद विच्छेद आपके विरूद्व इस न्यायालय में योजित किया है। वाद दर्ज रजिस्टर होकर वास्ते सुनवाई दिनांक-10 माह 07 सन् 2026 को नियत है। यदि आपको पिटिश्नर के वाद में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी है तो आप दिनांक-10 माह07 सन् 2026 को इस न्यायालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके ऐसा न करने पर पिटिश्नर के बाद में आपके अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के दिनांक-04 माह 06 सन्2026 को जारी।

**प्रबंधक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय नई टिहरी**
**टिहरी गढवाल**

**न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**
**वा.सं.- 73 सन् 2026**

**पिटिश्नर**-श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी भगवती प्रसाद पाण्डेय पुत्री स्व. तुलशीराम हाल निवास अमेल्डा पट्टी पौडीखाल जिला टिहरी गढवाल।

**बनाम**

**रेस्पोडेंट**-भगवती प्रसाद पाण्डेय पुत्र मुस्साराम निवासी ग्राम डांगी हाल निवास 4बी 1/2 मोलधार नई टिहरी, टिहरी गढवाल।

चूंकि पिटिश्नर ने एक बाद अंतर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम सपठित धारा 25, समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 का वास्ते विवाद विच्छेद आपके विरूद्व इस न्यायालय में योजित किया है वाद दर्ज रजिस्टर होकर वास्ते सुनवाई दिनांक-16 माह 07 सन् 2026 को नियत है यदि आपको पिटिश्नर के वाद में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी है तो आप दिनांक-16 माह 07 सन् 2026 को इस न्यायालय में प्रातः समय 10 बजे उपस्थित होकर अपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके ऐसा न करने पर पिटिश्नर के वाद में आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के दिनांक-03 माह 06 सन् 2026 को जारी।

**प्रबंधक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय नई टिहरी**
**टिहरी गढवाल**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर महोदय कण्डीसौड जिला टिहरी गढवाल।**
**रे.वा.सं.-25 सन् 2025**

**वादीगण**-कुशाल सिंह आदि

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**-सुरेंद्र सिंह आदि

**नोटिस बनाम**-1. सुरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह, 2. रविन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह दोनों निवासीगण ग्राम खैरी खुर्द पो. सत्यानारायण ऋषिकेश जिला देहरादून।

एतद् द्वारा आपकों सूचित किया जाता है कि वादी ने एक घोषणात्मक वाद अंतर्गत धारा 229बी जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम का प्रतिवाद. ीगण के विरूद्व इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें जवाबदावा हेतु दिनांक-11 माह 06 सन् 2026 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में जवाब. दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप उक्त नियत तिथि 11.06.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब. दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक-14 माह 05 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**वाचक**
**असिस्टेंट कलेक्टर कण्डीसौड**
**टिहरी गढवाल**

## कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग

पत्रांक:-183/स.अ.-द्वितीय/टी-4 दिनांक:-06.06.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 03/स.अ.-द्वितीय/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.06.2026 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते तथा प्रपत्र दिनांक 06.06.2026 से 11.06.2026 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खनिज फांउडेशन न्यास मद के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालेश्वर के प्रांगण का पुस्ता व चाहर दीवारी निर्माण कार्य। जोब नं0 01 | 27000.00 | 02 माह | 1000+ 18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2 | जिला खनिज फांउडेशन न्यास मद के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालेश्वर के प्रांगण का पुस्ता व चाहर दीवारी निर्माण कार्य। जोब नं0 02 | 28000.00 | 02 माह | 1000+ 18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग**

# अग्निसुरक्षा को लेकर हरकत में आया प्रशासन

## शहर की सभी व्यावसायिक इमारतों और गोदामों का होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में हाल के दिनों में हुए दो बड़े अग्निकांडों ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले शराब की दुकान और उसके गोदाम में आग लगी, इसके बाद अमेजन के गोदाम में हुए भीषण अग्निकांड में दो कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद दमकल विभाग ने शहर की सभी बड़ी व्यावसायिक इमारतों और गोदामों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार दोनों घटनाओं में प्राथमिक जांच के दौरान लापरवाही के संकेत मिले हैं। शराब की दुकान और गोदाम में रखे रेफ्रिजरेटर को प्रतिदिन रातभर चालू रखा जाता था, जिसे हादसे की एक प्रमुख वजह माना जा रहा है। वहीं अमेजन के गोदाम में भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी की आशंका जताई जा रही है। हाल ही में दिल्ली के एक होटल में भीषण आग लगने से कई लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद मुख्यालय स्तर से प्रदेशभर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में हल्द्वानी में भी व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौरव किरार ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत शहर की सभी प्रमुख व्यावसायिक इमारतों, प्रतिष्ठानों और गोदामों का निरीक्षण किया जाएगा। जांच के दौरान जहां भी अग्नि सुरक्षा संबंधी खामियां पाई जाएंगी, वहां संचालकों को उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर दूर करने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि तय अवधि के बाद भी कमियां दूर नहीं की गईं तो संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




## एक्सटेंशन ट्रेनिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

### अग्निशमन विभाग ने कर्मचारियों को किया ट्रेंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र हल्द्वानी द्वारा रविवार को एक्सटेंशन ट्रेनिंग सेंटर, गौलापार में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन अग्निशमन अधिकारी मिंदर पाल सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में आपदा मित्रों, महिला दल तथा विभिन्न विभागीय कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा प्रारंभिक अग्निशमन उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्रवाई करने का अनुभव मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा के प्रति प्रतिभागियों की क्षमता को सुदृढ़ करना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तेजी, सतर्कता और सुरक्षा के साथ प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र हल्द्वानी ने कहा कि भविष्य में भी जनजागरूकता और क्षमता विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे आमजन और आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों की तैयारी और मजबूत हो सके।



# टॉफी खिलाकर युवक को किया बेहोश

## नकदी और मोबाइल लेकर फरार हुए जहरखुरान, एक पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बस अड्ढे के समीप जहरखुरानों ने एक युवक को अपना शिकार बना लिया। शातिरों ने पहले युवक से दोस्ती गांठी, फिर टॉफी खिलाकर उसे बेहोश कर दिया और नकदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। हालांकि लोगों की सतर्कता से एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल रहे। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक बेहोशी की हालत में मिला, जिसे उपचार के लिए सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को हल्द्वानी बस अड्ढे के बाहर स्थित जीबी पंत पुस्तकालय गेट पर घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक, गेट के बाहर एक व्यक्ति खड़ा था, जो संभवत: किसी पहाड़ी जिले से सफर कर हल्द्वानी पहुंचा था। इसी बीच तीन युवक उसके पास पहुंचे और उससे बातें करने लगे। कुछ देर बाद ही सभी हंसने लगे। आस-पास मौजूद लोगों को ऐसा लगा कि तीन युवकों की उक्त युवक से पुरानी पहचान है। इसी बीच तीन युवकों में से एक उसे खाने के लिए टॉफी दी। युवक ने टॉफी खा ली और कुछ देर बाद उसे बेहोशी छाने लगी। उसके बेहोश होते ही शातिरों ने उसकी जेब से रुपए और मोबाइल निकाल लिया। घटना को अंजाम देकर जब वह तेजी से भागने लगे तो लोगों को शक हुआ। आस-पास मौजूद लोगों ने भाग रहे तीन में से एक को दबोच लिया, जिसकी जेब से करीब 3 हजार रुपए बरामद किए गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक बेहोशी की हालत में मिला, जिसे उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीड़ ने जिस युवक को पकड़ा है, उससे पूछताछ की जा रही है।

## चंडीगढ़ से आई बस में अचेत मिला युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चंडीगढ़ मार्ग से हल्द्वानी पहुंची रोडवेज बस में एक अज्ञात युवक के अचेत अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस चालक और परिचालक की मदद से युवक को तत्काल सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के हल्द्वानी डिपो की चंडीगढ़ रूट की बस जसपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची थी। इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ी जालंधर से आ रही एक बस के लगभग 20 यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए इस बस में स्थानांतरित किया गया। इन्हीं यात्रियों में करीब 40 वर्षीय एक व्यक्ति भी शामिल था, जिसे बस की पिछली सीट पर बैठाया गया था। यात्रा के दौरान जब बस रुद्रपुर पहुंची तो कुछ यात्रियों ने चालक और परिचालक को बताया कि उक्त व्यक्ति की तबीयत ठीक नहीं लग रही है और वह अचेत अवस्था में है। इसके बाद बस के आज सुबह रविवार करीब छह बजे हल्द्वानी डिपो पहुंचते ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बस चालक अमरीक सिंह ने बताया कि युवक पूरी तरह बेहोश नहीं था, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर प्रतीत हो रही थी। वह कुछ बोलने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उसकी आवाज स्पष्ट नहीं निकल पा रही थी। युवक के पास एक बैग और एक बाल्टी मिली है, हालांकि उसके पास कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके होश में आने के बाद ही उसके बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत मुखानी थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 43 पाउच अवैध कच्ची शराब तथा 96 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई राजेन्द्र सिंह मय टीम के साथ पीपल पड़ाव वन विभाग बैरियर के पास चैकिंग कर रहे तभी एक युवक को संदिग्ध अवस्था में आता देख उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 43 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम पूरन सिंह पुत्र रामचंद्र निवासी चंदायन पोस्ट गोविंदपुर गूलरभोज, थाना गदरपुर ऊधमसिंह नगर बताया। वहीं दूसरी ओर कांस्टेबल सुनील आगरी मय टीम के साथ छड़ायल चौराहा स्थित ईजा का आशीर्वाद नामक दुकान पर चेकिंग कर रहे थे तभी संतोष कुमार पुत्र जीवन लाल निवासी कुमाऊं कॉलोनी, दमुवाढूंगा काठगोदाम को 96 टेट्रा पैक माल्टा देशी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनो तस्करों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# वीकेंड पर फिर थमी पहाड़ की रफ्तार, जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्यटन सीजन और कैंची धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद के बीच रविवार को एक बार फिर नैनीताल जिले की सड़कों पर यातायात का भारी दबाव देखने को मिला। वीकेंड के अंतिम दिन प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में भी सामान्य से कई गुना अधिक समय लगा। यातायात का दबाव सबसे अधिक भीमताल तिराहे और नरीमन तिराहे पर देखने को मिला। दरअसल, भीमताल तिराहा बढ़ते ट्रैफिक के मुकाबले अब काफी संकरा साबित हो रहा है। यहां नैनीताल और भीमताल की ओर से आने-जाने वाला यातायात एक-दूसरे से टकराता है, जिससे वाहनों की गति धीमी पड़ जाती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को एक दिशा का यातायात रोककर दूसरी दिशा के वाहनों को निकासी देनी पड़ती है। कुछ ऐसी ही स्थिति नरीमन तिराहे पर भी बनी रही। यहां पुलिस पहाड़ की ओर जाने और वहां से लौटने वाले वाहनों को गौलापार मार्ग से डायवर्ट कर यातायात सुचारु रखने का प्रयास करती रही। इसके बावजूद दिनभर वाहनों की लंबी कतारें और धीमी रफ्तार यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि बढ़े हुए ट्रैफिक का असर हल्द्वानी शहर के भीतर देखने को नहीं मिला और शहरी यातायात सामान्य बना रहा। एसपी यातायात डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि वीकेंड के दौरान नैनीताल और कैंची धाम की ओर जाने वाले वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस, सीपीयू और यातायात पुलिस के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि रविवार को भी यातायात का दबाव रहा, लेकिन पुलिस टीम ने समन्वित तरीके से यातायात संचालन कर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा।



# दिशा कम्प्यूटर को 5वां स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवाबी रोड स्थित रुद्राक्ष बैंक्वेट हॉल में दिशा कंप्यूटर सेंटर का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दिशा कंप्यूटर सेंटर को ई मैक्स एजुकेशन कंपनी द्वारा पूरे भारत के 10,000 कोचिंग सेंटरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 5वां स्थान प्रदान किया गया, जिससे हल्द्वानी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ। संस्था की संचालिका शिवानी भारद्वाज ने बताया कि ई-मैक्स एजुकेशन देशभर में फ्रेंचाइजी आधारित शैक्षणिक सेवाएं प्रदान करती है और बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करती है। कार्यक्रम में सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नवीन वर्मा ने दिशा कंप्यूटर सेंटर को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी तथा विद्युत विभाग के इंजीनियर कमल किशोर ने भी संस्था की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रगति की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी नेता हर्षवर्धन पांडे ने किया। इस मौके पर कमलेश भारद्वाज, रतन भारद्वाज, अमित भारद्वाज, अंजली, हर्षिता आदि मौजूद रहे।




## कार को टक्कर मारकर बाइक सवार फरार

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक बाइक सवार कार को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। कार चालक ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल स्थित रतन कॉटेज निवासी नाथूराम रविवार को हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी रोड पर नेशनल होटल के समीप पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार का साइड मिरर क्षतिग्रस्त हो गया। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद बाइक सवार बिना रुके मौके से फरार हो गया। इसके बाद कार चालक ने तल्लीताल कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। तल्लीताल कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा बाइक सवार की तलाश है।

# सीमा देवल बनीं महिला समिति अध्यक्ष

## पटवा वैश्य महासभा का विस्तार, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पटवा वैश्य महासभा उत्तराखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को महासभा के अध्यक्ष विवेक कश्यप के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास, संगठन के विस्तार तथा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महासभा के महामंत्री विपिन देववंशी तथा कोषाध्यक्ष संजय देवल ने संगठन की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत कर सदस्यों को वित्तीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल एवं अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाज के हित में अपने-अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। इसके बाद पटवा महिला समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें सर्वसम्मति से सीमा देवल को महिला समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि महामंत्री मंजू देवल की उपस्थिति में खुशबू देवल को सह-कोषाध्यक्ष, नेहा देववंशी को सह-महासचिव, अंशु देवल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंजू प्रदीप देवल एवं नीतू देवल को उपाध्यक्ष, नंदिनी देवल को संगठन मंत्री तथा गुंजन देवल को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कुमारी ज्योति देवल एवं सुधा देवल को सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित दायित्व दिए गए। कार्यक्रम में संरक्षक राजो देवल एवं सुंदरलाल देवल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान महामंत्री शिवा देवल, नवनीत देववंशी, आकाश देवल, अनुज देवल, निलेश देवल, जीतू देवल, विक्की देवल, पंकज पटवा, राकेश देवल, सतीश पटवा, मिंटू देवल, सुंदरलाल पटवा, शरद देवल, मुकेश देवल, मिथिलेश, सरिता, गुंजन देवल, सुमन देवल, साधना देवल, नीतू देववंशी, सुषमा देवल और डिंपल देवल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लिया।




# भाजपा किसान मोर्चा की परिचय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को कुमाऊं संभाग कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की परिचय बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट शामिल रहे। बैठक में नैनीताल जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए संगठनात्मक मजबूती और किसानों के हितों से जुड़ी राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें इनका अधिकतम लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 20 करोड़ रुपये तथा केंद्र सरकार द्वारा 25 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसके तहत तारबाड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है। यह कदम किसानों की फसल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों और सरकार के बीच सेतु का कार्य करेगा, ताकि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंच सके।




# महंगाई ने आम जनता का जीना किया मुहालः राहुल छिम्वाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और सरकारें राहत देने के बजाय लगातार बोझ बढ़ा रही हैं। राहुल छिम्वाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जब गैस सिलेंडर के दामों में मामूली बढ़ोतरी होती थी, तो भाजपा के नेता सड़कों पर प्रदर्शन कर गैस सिलेंडर रखकर विरोध करते थे। लेकिन आज जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़कर लगभग एक हजार रुपये के करीब पहुंच गए हैं, तो वही नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 1000 रुपये की बढ़ोतरी कर छोटे व्यापारियों और कामकाजी वर्ग की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर डाला गया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार आम जनता को राहत देने के बजाय विभिन्न प्रकार के टैक्स लगाकर उन्हें केवल राजस्व संग्रह का माध्यम बना रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार का उद्देश्य केवल जनता से टैक्स वसूली तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई के इस दौर में आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है।



# भीषण गर्मी में अनुज अग्रवाल ने बांटी राहत

## हजारों लोगों को पिलाया लाहौरी जीरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लगातार बढ़ रही गर्मी और उमस के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कालाढूंगी रोड स्थित अशोक एजेंसीज लोहा भंडार द्वारा रविवार को लाहौरी जीरा एवं अन्य शीतल पेयों का वितरण किया गया। सामाजिक सरोकार से जुड़ी इस पहल को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रतिष्ठान के स्वामी अनुजकांत अग्रवाल एवं उनके पुत्र अवतांश अग्रवाल ने किया। सुबह से ही प्रतिष्ठान परिसर में शीतल पेय वितरण की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। दोपहर होते-होते भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या वहां पहुंचने लगी। आयोजन के दौरान हजारों लोगों ने लाहौरी जीरा का आनंद लिया और गर्मी से राहत महसूस की। लोगों ने अशोक एजेंसीज की इस पहल को सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए सराहना की। इस अवसर पर अनुजकांत अग्रवाल, अवतांश अग्रवाल, डिंपल पाण्डे, कनक अग्रवाल, सुमन जैन, विनीता शर्मा, संजीव अग्रवाल, सुमन डालाकोटी, रेनू संबल, सूर्यकांत गुप्ता, वरुण गुप्ता, आशी गुप्ता, रजत गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# संगठन विस्तार करेगा यूकेडी विधि प्रकोष्ठ

## राज्य आंदोलन की मूल भावना को सशक्त करने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के विधि प्रकोष्ठ द्वारा संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान के तहत रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मूल मुद्दों, राज्य आंदोलन की भावना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य लंबे संघर्ष और बलिदानों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करने और राज्य के हितों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि राज्य के जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार यहां के स्थानीय लोगों का होना चाहिए।

उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य राजन सिंह मेहरा ने कहा कि राज्य आंदोलन केवल भौगोलिक पहचान की लड़ाई नहीं थी, बल्कि यह सम्मान, अधिकार और अस्मिता की लड़ाई थी। उन्होंने युवाओं से राज्य के मूल मुद्दों को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया। यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ ही राज्य के मूल मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सपनों के अनुरूप राज्य निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संयोजक एवं यूकेडी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता मोहन कांडपाल, अशोक सिंह बोहरा, रवि बाल्मीकि, सुशील उनियाल, कृष्णानंद जोशी, खीम सिंह बोरा, नरेंद्र तिवारी, नवीन ममगई, उमेश कुमार तिवारी 'विश्वास', श्याम सिंह नेगी, हरीश सिंह मेवाड़ी, महेश तिवारी, दीपक भारती, उत्तम सिंह बिष्ट, नरेश कुमार पांडे, लोकेश वर्मा, गोविंद सिंह गस्याल, नंदी पचौली, भावना मेहरा, सुनीता जोशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सृष्टि का उत्पत्ति का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में रामपुर रोड स्थित श्रीदत्तात्रेय आश्रम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास डा. नवीन चन्द्र जोशी ने सृष्टि उत्पत्ति, वाराह अवतार एवं भक्त ध्रुव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने मनु और शतरूपा को उत्पन्न कर मानव सृष्टि का आरंभ किया। सृष्टि के प्रारंभ में देवहूति, आकूति और प्रसूति तीन कन्याओं तथा प्रियव्रत एवं उत्तानपाद जैसे पुत्रों के माध्यम से सृष्टि का विस्तार हुआ। उन्होंने वाराह अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान ने हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी की रक्षा की और यह संदेश दिया कि प्रत्येक जीव में परमात्मा का अंश विद्यमान है। इस अवसर पर कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। समिति के संरक्षक प्रोफेसर डा. एसडी तिवारी एवं श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी परेशयति महाराज ने ज्योतिषाचार्य डा. मंजू जोशी, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. गिरीश चन्द्र पाटनी, समाजसेवी आनन्द सिंह भाकुनी तथा शिक्षिका एवं समाजसेवा में समर्पित अनुराधा पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कथा के दौरान स्वामी परेशयति महाराज ने कहा कि मानव कल्याण का मार्ग संतों की शरण और सत्संग से ही प्राप्त होता है। उन्होंने संतों की महिमा का उल्लेख शास्त्रों के आधार पर किया। कथा यज्ञ में आचार्य प्रकाश चन्द्र जोशी, आचार्य प्रमोद चन्द्र जोशी, पं. हेम चन्द्र जोशी, आचार्य गोविन्द बल्लभ जोशी, दया कृष्ण पांडे सहित अन्य विद्वानों ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में पान सिंह बिष्ट, राधिका जोशी, चन्द्र शेखर भट्ट, मोहन पाठक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुल्लांपुर टेस्ट में भारत ने अफगानिस्तान पर कसा शिकंजा

## मानव-कृष्णा ने दिए पांच झटके, भारत के 564 रन के जवाब में अफगान के पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन

**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में दूसरे दिन मेजबान टीम ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने विशाल स्कोर खड़ा किया, फिर गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। मेहमान टीम अभी भी भारत के स्कोर से 451 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाल लिया। सुदर्शन ने 104 गेंदों में 81 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। वहीं राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन की शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां शतक रहा। राहुल के आउट होने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पहले राहुल के साथ 67 रन और फिर ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 169 रन की बड़ी साझेदारी की। गिल ने 177 गेंदों पर 126 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। ऋषभ पंत ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके



और तीन छक्के शामिल रहे। अंत में वाशिंगटन सुंदर 52 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि कुलदीप यादव नौ रन पर नाबाद रहे। भारत ने 2023 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट मैच में 550 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले टीम ने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 571 रन बनाए थे। इसके अलावा 564 रन अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इस सूची में शीर्ष पर जिम्बाब्वे है, जिसने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ 586 रन बनाए थे। गिल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 169 रन की साझेदारी भी भारत की ओर से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 140 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज बन गए। सैफी अब टेस्ट की एक पारी में अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे जियाउर रहमान हैं, जिन्होंने 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 97 रन देकर सात विकेट लिए थे। विशाल लक्ष्य के जवाब में अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 28 रन के स्कोर पर अब्दुल मलिक द्ध16ऋ का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज भी 12 रन बनाकर चलते बने। सेदिकुल्लाह अटल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि अफसर जजई सिर्फ 3 रन ही बना सके। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, रहमत शाह ने एक छक्के और छह चौकों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेलकर संघर्ष जारी रखा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह क्रीज पर डटे हुए थे। भारत की ओर से पदार्पण कर रहे स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15.5 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम फिलहाल मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रही है। तीसरे दिन शुरुआती सत्र में अफगानिस्तान को जल्द समेटकर भारत बड़ी बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि मेहमान टीम की उम्मीदें रहमत शाह और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर डटी हुई हैं।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में रायपुर के आयुष पांडे चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में राजधानी रायपुर के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे का चयन आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में किया गया है। घरेलू क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर उन्हें यह अवसर मिला है। 22 वर्षीय आयुष पांडे प्रदेश के उभरते हुए सलामी बल्लेबाजों में शामिल हैं। हाल के सत्रों में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ खेली गई उनकी 183 रन की शानदार पारी को उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में माना जा रहा है। आयुष ने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैचों की 34 पारियों में 1430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और पांच अर्धशतक निकले हैं। वहीं लिस्ट -ए क्रिकेट में उन्होंने छह मैचों की छह पारियों में 44.66 की औसत से 268 रन बनाए।

**खेल विशेष**

### ब्राजील ने अभ्यास मैच में मिस्र को हराया

**क्लीवलैंड।** शनिवार को ब्राजील ने मिस्र को 2-1 से हराकर अपनी विश्व कप की तैयारियों को और मजबूत किया। इस मैच में ब्रूनो गुइमारेस और एंड्रिक ने दोनों हाफ में गोल किए। न्यूकैसल यूनाइटेड के कप्तान गुइमारेस ने 18-यार्ड बॉक्स के किनारे पर मोहनद लशीन से गेंद छीनकर और शांति से दूर के कोने में शॉट मारकर स्कोरिग की शुरुआत की। अफ्रीकी टीम के लिए मुस्तफा जकि ने बराबरी का गोल किया उन्होंने मार्क्विनहोस के गलत बैक पास को इंटरसेप्ट किया और गोलकीपर एलिसन बेकर को छकाते हुए एक लो शॉट मारा। हाफटाइम में इगोर थियागो की जगह मैदान पर आए एंड्रिक ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### ब्राजील ने अमेरिका की महिला सॉकर टीम को हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील की महिला सॉकर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की महिला राष्ट्रीय सॉकर टीम द्धयूएसडब्ल्यूएनटीऋ को 2-1 से हराया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में सोफिया विल्सन ने शुरुआत में ही गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन ताइना माराान्हाओ और बिया जानेराटो के तेजी से किए गए दो गोल ने मेजबान टीम को अमेरिका के खिलाफ 44 मैचों में अपनी पांचवीं जीत दिला दी। एम्मा हेस की टीम को देश से बाहर अपना प्रभाव छोड़ने में केवल दो मिनट लगे। उन्होंने खेल के अपने पहले ही हमले में गोल करके गतिरोध तोड़ा।

### नबीला सोल बराजा हैं कोहली की फैन

**अहमदाबाद।** जहां एक ओर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय योगासन खिलाड़ी और भारतीय मूल के कई प्रतिभागी सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं दक्षिण अमेरिका से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ी नबीला सोल बराजा भी अपनी सटीकता, सौंदर्य और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और साथी खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अर्जेंटीना की नबीला सोल बराजा इस चैंपियनशिप की सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं।

### एलीट क्रिकेट कोचिंग : एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** कबूनी, एक जबरदस्त एआई-पावर्ड ग्लोबल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म, मुंबई में अपने पहले प्लेटाइम 2026 इवेंट में लॉन्च हुआ है, जो हर लेवल के क्रिकेट फैंस के लिए आसान, एलीट-लेवल कोचिंग के एक नए दौर की शुरुआत करता है। खेल, टेक्नोलॉजी और खेल के मेल पर मौजूद, कबूनी ट्रेनिग के लिए दुनिया का पहला तरीका पेश करता है: एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी के जरिए रियल-टाइम, पर्सनलाइज्ड कोचिंग देना, जिससे सभी लेवल के खिलाड़ी कभी भी, कहीं भी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकें।

## ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में शनिवार को बंगलादेश पर भारत की जीत के बाद, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दिग्गज खिलाड़ी ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।

30 साल की इस भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने अपना तीसरा सैफ महिला चैंपियनशिप खिताब जीतकर और इनाम वितरण समारोह के दौरान कप्तान के तौर पर ट्रॉफी उठाकर शानदार अंदाज में विदाई ली। हालांकि ग्रेस ने मैच की शुरुआत नहीं की थी, लेकिन वह सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरीं और बाद में उन्हें कप्तानी सौंपी गई, जिससे उन्हें भारतीय जर्सी में एक यादगार विदाई मिली। मैच के बाद ग्रेस ने कहा, ष्खेल के आखिर में माहौल बहुत भावुक था, और जिस चीज से मुझे सबसे अधिक प्यार है, उसे अलविदा कहना वाकई बहुत मुश्किल है।ष ग्रेस डैंगमेई ने 2013 में अपना सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण करने के बाद भारत के लिए 95 मैच खेले और फिर फुटबॉल से संन्यास ले लिया। 15 सालों के दौरान, उन्होंने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिए खुद को सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित किया और टीम के लिए 24 गोल किए। 5 फरवरी 1996 को साइमन डैंगमेई और रीता डैंगमेई के घर जन्मीं ग्रेस डैंगमेई मणिपुर के डिमडाइलॉन्ग गांव की रहने वाली हैं। वह उन भारतीय टीमों की सदस्य थीं, जिन्होंने पिछले दशक में साउथ एशियन महिला फुटबॉल पर दबदबा बनाए रखा।

### नेमार ने वर्ल्ड कप से विदाई का संकेत दिया

**न्यू जर्सी।** ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार ने संकेत दिया है कि गुरुवार से शुरू होने वाला फीफा वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा। 34 साल के खिलाड़ी ने फीफा के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में यह बात कही। इस पोस्ट में नेमार के करियर की तस्वीरें थीं और साथ में लिखा था, हमने उन्हें बड़े होते देखा है। सैंटोस के इस अटैकर ने कमेंट सेक्शन में जवाब दिया, द लास्ट डांस (आखिरी डांस)दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के 1997-98 में शिकागो बुल्स के साथ खेले गए आखिरी सीजन से जुड़ा है। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार, जिन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' फटने की चोट के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## भारतीय महिला टीम ने सैफ चैंपियनशिप जीती

### फाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को हराया

**मडगांव/नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बंगलादेश को हराकर दक्षिण एशिया फुटबॉल चैंपियनशिप द्धसैफऋ का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने छठी बार यह टूर्नामेंट जीता है।

मडगांव के पं.जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने डिफेंडिग चैंपियन बंगलादेश को 3-1 से हराया। भारतीय टीम के लिए प्यारी जाख्सा ने , सनफिदा नोंगरुम ने और लिडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। वहीं बंगलादेश के लिए रितु पोर्ना ने एकमात्र गोल दागा। मेजबान भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल



एक गोल खाया। इसी बीच उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रविवार कोबधाई दी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की तारीफ की और भरोसा जताया कि उनकी यह कामयाबी और अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने टीम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, ष्सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया है। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने का प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को भविष्य के प्रयासों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत की यह जीत देश में महिला फुटबॉल के लिए एक और बड़ा मील का पत्थर है तथा दक्षिण एशियाई फुटबॉल में टीम के दबदबे को और मजबूत करती है। यह जीत ऐसे समय में मिली है जब जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रमों, बेहतर बुनियादी ढांचे और प्रतियोगिताओं के जरिए महिला फुटबॉल को मजबूत करने के प्रयास तेज हैं।

## बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार को और मौके मिलने चाहिए थे : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित करने के लिए थोड़ा और समय दिया जा सकता था, बजाय इसके कि टी 20 विश्व कप खिताब जिताने के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्हें भारत की टी20 टीम से पूरी तरह बाहर कर दिया जाए।

बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार का टी- 20 विश्व कप साधारण रहा था। उन्होंने 136-72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल में भी वह लय हासिल नहीं कर सके और 147-54 के स्ट्राइक रेट से 270 रन ही बना पाए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के वीडियो शो में अश्विन ने कहा, ष्देखिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत





दिलचस्प मिसाल है। मैं एक पल के लिए खुद को सूर्यकुमार यादव की जगह रखकर सोचता हूं कि इस समय वह कैसा महसूस कर रहे होंगे। मुझे यकीन है कि किसी भी खिलाड़ी को टीम से बाहर किए जाने पर दुखी होने का पूरा हक है और अगर वह बुरा महसूस कर रहे हैं, तो यह पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा, ष्लेकिन जिस तरह यह फैसला लिया गया है, उसे लेकर मुझे थोड़ी झिझक है क्योंकि मैं अपने मन में सोच रहा हूं--- अगर मैं खुद को सूर्यकुमार की जगह रखूं तो? ठीक है, मेरी बल्लेबाजी का फॉर्म पिछले 18 महीनों या 15 महीनों में मेरा साथ नहीं दे पाया। मैं उस स्तर पर नहीं खेल पाया, जैसा खेल सकता था। लेकिन फिर भी मैं देश के लिए टी 20 विश्व कप जीतने में कामयाब रहा।' ष्बल्लेबाज के तौर पर मेरा विश्व कप बहुत शानदार नहीं रहा, लेकिन टीम के बाकी लोगों- कोच, उपकप्तान, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की तरह, क्या मैं भी एक सफल कप्तान नहीं हूं? मैंने भी तो अपनी भूमिका निभाई है।ष अश्विन ने आगे कहा कि इतना कठोर फैसला भविष्य के चयन के लिए एक नई मिसाल भी कायम करेगा। उन्होंने कहा, ष्क्या हम बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ियों को उनकी जगह रखकर देख सकते हैं? क्या कभी ऐसा हुआ है कि टी 20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान को बिना किसी अंतिम चेतावनी के टीम से बाहर कर दिया गया हो? मुझे यकीन है कि उनसे बात हुई होगी, इस पर मुझे कोई संदेह नहीं है।

## उलानबतोर ओपन: भारतीय पहलवानों ने जीते दो स्वर्ण सहित कुल छह पदक

**उलानबतोर ( मंगोलिया )।** सागर जगलान और टीनएजर काजल ढोचक ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीत।

भारतीय पहवानों ने इस दिन दो स्वर्ण सहित छह पदक अपने नाम किए। शनिवार को हुए मुक. ाबले में 21 साल के सागर जगलान ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 74किंग्रा वर्ग के फाइनल में तामिर एशिनिमाएव को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर-फाइनल में अपने ही देश के जयदीप को 7-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सागर ने सेमीफाइनल में मंगोलिया के टोलुई मुंखबात को टेक्निकल सुप. ीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराया। वहीं, 22 साल के जयदीप ने रेपचेज के जरिए वापसी की और मेडल मुकाबले में मुंखबात को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 15-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सागर जगलान और जयदीप, दोनों के लिए ए उनके दूसरे रैंकिग सीरीज पदक है। सागर ने जुहायर सघायर 2022 में रजत पदक जीता था, जबकि जयदीप ने उलानबतोर में लगातार दूसरे साल कांस्य जीता। महिलाओं की रेसलिग में, अंडर 23 एशियाई चैंपियन काजल ने 76 किंग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की डमोला ओजो (जो एक अफ्रीकन चैंपियन हैं) को 8-0 से हराया। 18 साल की काजल ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान की गुलमारल एरकेबाएवा को 'फॉल' से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की और फिर क्वार्टर-फाइनल में चीन की साइहान आओ को 12-1 से हराया। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एल्मिरा सिजदिकोवा को 'फॉल' से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। एशियाई खेलों में जाने वाली रेसलर प्रिया मलिक ने इसी कैटेगरी में मंगोलिया की तुवशिनजार्गल ताराव को 8-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। प्रिया सेमीफाइनल में डमोला ओजो से 5-1 से हार गई थीं, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में खेलना पड़ा। भारत की हंसिका लांबा ने महिलाओं के 55 किंग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरिउनजाया ओडोनचिमेग के खिलाफ 10-0 से 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर जीत हासिल करके कांस्य पदक जीता। हंसिका को क्वार्टर- फाइनल में उत्तर कोरिया की ह्योग्योंग चो से हार का सामना करना पड़ा था।

## मोहक के विस्फोटक शतक से बाल भवन क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल सी लीग मुक. ाबले में बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए भवानी यूथ क्रिकेट क्लब को रविवार को 26 रन से पराजित किया।

टॉस जीतकर भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 231 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मोहक कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 104 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे। यश भाटिया ने 27 गेंदों पर 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि यजस शर्मा ने 26 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भवानी यूथ की ओर से सभय द्धा ने 48 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि महाक्ष दीवान और कार्तिक पवार ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की टीम कघ संघर्ष के बावजूद 18-3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। सनत सांगवान ने 66 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। गुलजार संधू ने 29 और विमन्यु ने 25 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके।

## गैबी थॉमस ने जीता 200 मीटर का खिताब

**टेक्सास।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन गैबी थॉमस ने 21-70 समय के साथ लोन स्टार ग्रां प्री में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष महिलाओं की दौड़ का सबसे तेज समय है। वहीं कैमरीन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

मुकाबले में अमेरिका की स्प्रिंटर थॉमस ने पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक-जीतने वाले 21-83 सेकंड के प्रदर्शन से भी तेज दौड़ लगाई, और 2023 में बनाए गए अपने व्यक्तिगत सबसे अच्छे समय से सिर्फ 0-10 सेकंड पीछे रहीं। तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट ने कॉलेज स्टेशन, टेक्सास में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे रहते हुए रेस जीती। अमेरिका की कायला व्हाइट 22-07 सेकंड के साथ दूसरे और नाइजीरिया की



फेवर ओफिली 22-15 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मुक. ाबला जीतने के बाद थॉमस ने कहा, ष्मैं इस समय को देखकर थोड़ी हैरान हूं, लेकिन मैं कड़ा अभ्यास कर रही हूं। अफ्रीका में मेरा टूर बहुत अच्छा रहा, और अब मेरी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। मैं इस 'ऑफ' ईयर (बिना बड़े टूर्नामेंट वाले साल) का आनंद ले रही हूं क्योंकि इसमें ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप का कोई दबाव नहीं है, इसलिए मैं बस इस सीजन का मजा ले रही हूं।ष थॉमस ने सेंट लूसिया की मौजूदा ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन जूलियन अल्फ्रेड द्वारा अप्रैल में ऑस्टिन, टेक्सास में बनाए गए 21-86 सेकंड के 2026 के पिछले वर्ल्ड बेस्ट समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में नैरोबी द्धकेन्याऋ और अदीस अबाबा द्धइथियोपियाऋ में भी 200 मीटर स्पर्धा जीती थी। ओलंपिक चैंपियन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो इवेंट में 79-36 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। उन्होंने अमेरिका की रेचल रिचसन की कड़ी चुनौती का सामना किया। रोजर्स की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही। उन्होंने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर 74-43 मीटर का थ्रो किया, जबकि रिचसन ने 74-53 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआती बढ़त बना ली थी। बाद में, कनाडा की रोजर्स ने मुकाबले में वापसी की और तीसरे राउंड में 79-36 मीटर का थ्रो करके बढ़त बना ली। उनकी नॉर्थ अमेरिकन प्रतिद्वंद्वी रिचसन ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 79-33 मीटर का थ्रो किया। आखिरकार, केवल तीन सेंटीमीटर के अंतर से मुकाबले का नतीजा तय हुआ। रोजर्स जीतीं, रिचसन दूसरे स्थान पर रहीं।

# बेहतर प्रशासनिक कार्यों के लिए एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल सम्मानित

**❖उत्तराखंड शूटिंग बाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनजागरूकता एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक देहात शेखर चंद्र सुयाल को शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तराखंड द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एवं विश्व कप रजत पदक विजेता शूटिंग बॉल खिलाड़ी सूरज रोड (सूरज चौधरी), अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सैम अली तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी रिहान ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शेखर चंद्र सुयाल ने समय-समय पर विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न



सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंचकर बच्चों, युवाओं और अभिभावकों को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा तथा मोबाइल एप्लीकेशनों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। उनके प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ी है और युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

# CEIR पोर्टल बना आवाम की उम्मीद : सीओ

## पुलिस ने पोर्टल की मदद से बीस लोगों के खोए मोबाइल ढूंढकर वापस लौटाए

**❖जनपद पुलिस ने पिछले कुछ माह में बड़ी तादाद में खोये हुए मोबाइल उनके मालिकों को वापिस किए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्राधिकारी रुड़की ओशिन जोशी ने कहा कि आमजन के खोए हुए मोबाइल फोन को वापस दिलाने के लिए भारत सरकार का CEIR पोर्टल एक प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि रुड़की पुलिस लगातार इस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर कार्रवाई कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल खोने की स्थिति में तत्काल ब्म्प्त पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं ताकि पुलिस समय रहते कार्रवाई कर सके। दइसी क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस ने CEIR पोर्टल पर पंजीकृत



शिकायतों के आधार पर विगत दो माह के दौरान 20 खोए हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए और उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया। अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई तथा उन्होंने रुड़की पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। इस अवसर पर सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस किए गए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपने मोबाइल फोन की सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

# सत्यापन अभियान में 78 मकान मलिकों से वसूला 07 लाख 80 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत कोतवाली भगवानपुर पुलिस की ताबडतोड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 78 मकान मलिको से 07 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत, सिसौना, सम्राट कालोनी में संदिग्ध व्यक्तियों/किरायेदारो/ फड़ ठेली गुड चर्खी वालो के विरूद्ध सत्यापन अभियान चलाया गया। बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर 78 मकान मलिको से 7 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/किरायेदारो/ फड़ ठेली गुड चर्खी वालो के सत्यापन करने के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में भगवानपुर पुलिस टीमों द्वारा सत्यापन की कार्यवाही को जारी रखते हुये थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन क्षेत्र में निवासरत् बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/ मजदूर / फड़ ठेली गुड चर्खी वालो के सत्यापन हेतु अलग अलग टीमें बनाकर सिसौना, सम्राट कालोनी क्षेत्रान्तर्गत विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर मकान मालिको, फल फेरी व गुड चर्खी मजदूरो आदि करीब 170 व्यक्तियों का मौके पर ही सत्यापान किया गया। व 78 मकान मालिको के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए धारा-83 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत 10000-10000 रूपये कुल (07 लाख 80 हजार रुपए)के कोर्ट चालान कर रिपोर्ट मा० न्यायालय प्रेषित की जा रही है।

# डंपर की चपेट में आए बाइक सवार तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम खरखड़ी के पास एक डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में दो नाबालिक भी बताए गए हैं। राह चलते लोगों द्वारा घायलों को कस्बे में डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया वही डंपर चालक भागने में सफल रहा।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुकँदपुर निवासी अंश कुमार अपने दो साथियों के साथ एक ही बाइक से अपने किसी रिश्तेदारी में झबरेड़ा आए थे। जैसे ही उक्त ग्राम खरखड़ी के पास आए उसी समय पीछे से आ रहे तेज डंपर चालक द्वारा ओवरटेक करते हुए बाइक डंपर की चपेट में आ गई ।बाइक डंपर की चपेट में आते ही बाइक सवार तीनों युवक सड़क किनारे बाइक सहित गड्ढे में गिर गए तथा घायल हो गए। घायलों को वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा कस्बे में डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन डॉक्टर के यहां आए। परिजनों के आने पर डॉक्टर द्वारा एक युवक को जिसके एक पैर की हड्डी टूट गई थी उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। डंपर चालक डंपर सहित फरार हो गया।

# गंगनहर पुलिस के हत्थे चढ़ा पांच हजार का इनामी दुष्कर्मी

**❖नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से चल रहा था फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को गंगनहर पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस की लगातार दबिश, तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र की सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया था कि उसकी नाबालिग बहन को सलमान नामक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।



# गंगनहर कोतवाली क्षेत्र से 47 वर्षीय महिला लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले से एक 47 वर्षीय महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका, जिसके बाद पुलिस से मदद की गुहार लगाई गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले से एक 47 वर्षीय महिला अचानक लापता हो गयी। गांधीनगर निवासी सीमा, पत्नी अरुण कुमार, 4 जून की देर रात लगभग 12:45 बजे अपने घर से निकली थीं। इसके बाद वह वापस नहीं लौटीं। सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और रिश्तेदारों, परिचितों समेत संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। महिला का कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने गंगनहर कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से महिला का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली मोड अशोका पैलेस में कांग्रेस पार्टी की ओर से एसआईआर को लेकर लक्सर विधानसभा में सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।

वीरेंद्र रावत पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नीरज त्यागी व अहमद शमशाद बालेश्वर सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिद्वार ग्रामीण ने कहा कि कल से सरकार के द्वारा एसआईआर चलाई जा रही है उसके लिए सभी ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा सरकार की मंशा ठीक नहीं है इसी वजह से बीएलओ को हर कार्य पर नजर रखनी पड़ेगी जिससे चुनाव में किसी को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने




यह भी कहा कि सरकार यह भी कर सकती है कि अगर किसी का वोट नहीं तो उसकी सरकार की कोई सुविधा नहीं उन्होंने कहा कि यह केवल एक महीना है इसमें अगर किसी ने भी लापरवाही की तो उसे न जाने क्या-क्या अंजाम भुगतना पड़ेगा। आरिफ प्रधान जगबीर प्रधान डॉ उमा दत्त शर्मा अशोक शर्मा ताहिर हसन अदनान नवाज खान भगत सिंह आदि सैकड़ो कांग्रेस के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुग्गावाला पुलिस ने पकड़े दो नशा तस्कर, पांच ग्राम हेरोइन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बड़ा वाला पुलिस ने दो युवकों को अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान को और मजबूती मिली है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा संचालित ''ष्ऑपरेशन प्रहारष'' एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुग्गावाला थाना पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम शहीदवाला ग्रंट क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो युवकों को रोककर तलाशी ली, जिसमें उनके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में शहीदवाला ग्रंट निवासी सचिन पुत्र मैनपाल के कब्जे से 2.41 ग्राम तथा बंजारेवाला निवासी सुमित पुत्र महेन्द्र के कब्जे से 2.51 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन बरामद की गई। दोनों आरोपितों के पास से कुल 4.92 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा और किसी भी हाल में नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम : उपनिरीक्षक सुनील रमोला, हेड कांस्टेबल राजेश नेगी, कांस्टेबल हरिओम एवं कांस्टेबल विक्रम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया।

# दुकान में घुसकर चोरी पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर अजमेरी बाजार में शनिवार की रात को चोरों एक दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पिरान कलियर निवासी शाकिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी कलियर अजमेरी बाजार में दुकान है शनिवार को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया जैसे ही वह सुबह दुकान पर आया ओर दुकान खोली तो सामान बिखरा पड़ा था ओर गल्ले से हजारों रुपए की नगदी भी गायब थी पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी की।चोरी की पूरी घटना सीसी टीवी कैमरों में कैद हुआ हो गई ।पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अवैध चाकू के साथ दो आरापी दबोचे

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुसियारी ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पूछताछ करने पर उन व्यक्तियों ने अपने नाम शिवपुत्र महिपाल प्रदीप पुत्र दीपचंद निवासी महाराजपुर खुर्द बताया।

# सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायतों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की जा रही दर्जनों शिकायतों के बाद भी रुड़की तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। झबरेड़ा कोतवाली क्षेत्र के गांव झबरेडी कला निवासी राजकुमार ने बताया कि वह सन 2022 से अब तक लगातार 80 बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर ग्राम झबरेडी कला की सरकारी भूमि खसरा नंबर 233, 234, 235 और 237 से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। उच्च स्तर से हर बार रुड़की तहसील प्रशासन को जांच कर अवैध कब्जा हटवाने के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर कोई जमीनी कार्रवाई नहीं कर रहा है। बार-बार आदेशों की अनदेखी के चलते अब 1905 हेल्पलाइन पोर्टल की कार्यप्रणाली और प्रशासन की गंभीरता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# लंढौरा में प्रसव के दौरान शिशु की मौत पर जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान शिशु की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा काटा। बाद में अस्पताल संचालक ने परिजनों को समझा बुझा कर शांत कर दिया।

जानकारी के अनुसार यूपी के जिला बरेली निवासी व्यक्ति सपरिवार लंढौरा के पास स्थित ईंट भट्ठे पर काम करता है। शुक्रवार रात को व्यक्ति की पत्नी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इस पर परिजन महिला को लंढौरा बस अड्डे के पास स्थित कालोनी में बने प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि अस्पताल संचालक ने नॉर्मल डिलीवरी की बात करते हुए महिला को एडमिट कर लिया। महिला कई घंटे तक प्रसव पीड़ा से तड़फती रही। प्रसव के कुछ देर बाद ही शिशु की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि महिला को पांच बेटियों के बाद पहला लड़का हुआ था। प्रसव के दौरान शिशु मौत होने पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। बताया गया है कि मामला बढ़ता देख अस्पताल संचालक ने परिजनों यह कह कर डरा दिया कि अगर पुलिस केस हुआ तो शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस बात पर परिजन शांत हो गए। बताते चले दो सप्ताह पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लंढौरा में पांच अस्पतालों को सील किया था। सील किए गए अस्पतालों में बिना डॉक्टर के ही डिलीवरी किए जाने का मामला सामने आया था। एसीएमओ रमेश कुंवर का कहना है कि इस संबंध में अगर शिकायत मिलती है तो अस्पताल संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आखिरकार शासन से कब मिलेगी लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनने की स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनते देखने का सपना अब टूटकर बिखरता नजर आ रहा है। हालांकि पुलिस विभाग अपनी ओर से थाना बनाने की सारी प्रकिया पूरी कर चुका है। मगर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण मामला शासन स्तर पर अटका हुआ है।

6 मई 2016 को लंढौरा रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए तत्कालीन पुलिस महानिदेशक एम ए गणपति ने पुलिस चौकी को थाना बनाने की घोषणा की थी। पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए विभाग कई




बार अपनी ओर से सारी प्रकिया पुरी कर रिपोर्ट शासन को भेज चुका है। बावजूद इसके लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनाने का मामला आज भी अधर में लटका हुआ है। वर्तमान में लंढौरा पुलिस चौकी पर एक कस्बा व आठ गांव का भार है। पुलिस विभाग द्वारा चौकी को थाना बनाने के लिए रुड़की, लक्सर, पथरी व मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के नगला इमरती,जौरासी जबरदस्तपुर, रणपुरा, नगला खुर्द, गढ़ी संघीपुर, लादपुर कलां, लादपुर खुर्द, नकीबपुर घोसीपुरा, सिक्खर, गोपालपुर, मुंडलाना, आमखेड़ी, सिकंदरपुर मवाल, कासमपुर बोडाहेड़ी गांवों को काटकर लंढौरा थाने में जोड़ा गया है। इनमें कई गांव तो ऐसे है। जिनकी दूरियां पुलिस थानों से अधिक होने का लाभ गौतस्कर, नशा तस्कर जमकर उठा रहे हैं। वही अपराधी अपराध के बाद पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटना स्थल से आसानी से बचकर निकल जाते हैं। लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए विभाग द्वारा शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के बाद अब लोगों की निगाह शासन से मिलने वाली स्वीकृति पर टिकी है। अब देखना है कि शासन अपनी ओर से कब तक पुलिस चौकी को थाना बनाने पर मोहर लगाता है। या फिर क्षेत्र के लोगों का लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनते देखने का सपना केवल सपना बनकर रह जाएगा।

# माधोपुर में मनरेगा जांच को लेकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मधोपुर गांव में मनरेगा कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच को लेकर शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। जांच प्रक्रिया से असंतुष्ट ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी कई बार जांच की जा चुकी है लेकिन उसके बावजूद आज तक कारवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आज एक बार फिर से अनियमितताओं की शिकायत पर जांच के लिए एबीडीओ सुभाष सैनी और ग्राम सचिव वैशाली गांव पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने मौके पर सही ढंग से जांच नहीं की और बिना निरीक्षण पूरा किए वापस लौट गए। इससे नाराज ग्रामीणों ने बीडीओ कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और अधिकारियों पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम प्रधान के साथ कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के कारण शिकायतों की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पूरे मामले की पारदर्शी जांच नहीं कराई गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन को और तेज करेंगे। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी सुमन कोठियाल से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि जांच टीम को तहसीलदार द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए गए थे। जिन बिंदुओं की जांच पूर्व में हो चुकी थी, उन्हें छोड़कर अन्य बिंदुओं की जांच



की जानी थी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता सभी बिंदुओं की शुरुआत से जांच कराने की मांग कर रहे थे। शिकायतकर्ताओं से इस संबंध में लिखित रूप से भी लिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों में आदिल रसीद,मोहम्मद उर्वेश, परवेज,गुलशेर मुस्तकीम, अनीश,जुनैद,बाबर,नावेद,नईम,मुन्ना,वाहव,मुजीब आदि मौजूद रहे।

# लो फिर बढ़ गए दाम

पहले से ही महंगाई की आंच में झुलस रहे लोगों को रविवार को एक और झटका लग गया। ऐसा तीसरी बार है जब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। तीन महीने में ही यह कीमत दूसरी बार बढ़ाई गई है। इससे पहले सात मार्च को एलपीजी के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे। कुल बढ़त की बात करें, तो एलपीजी सिलेंडर तीन महीने में 89 रुपये महंगा हो गया है। भले ही इस वृद्धि के लिए सरकार को कोसें, लेकिन सरकार ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच अभी भी भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। सरकार के अनुसार भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अन्य देशों आस्ट्रेलिया, अमेरिका जैसे एडवांस इकोना.मी के मुकाबले काफी कम हैं और इसका कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है ताकि आम लोगों पर इसका भार न पड़े। कॉमर्शियल सिलेंडर की बात करें, इसमें तो बेतहाशा वृद्धि हुई है। 19 किलोग्राम का कॉमर्शियल सिलेंडर 3113 में बिक रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत को पेट्रोलियम व गैस जैसे पदार्थ भारी मात्रा में आयात करने पड़ते हैं और पश्चिम एशिया में आए व्यवधान ने स्थिति को काफी पैचीदा बनाया है। फरवरी के अंत में जिस तरह ईरान ने होर्मुज बंद किया है, उसने भी गैस की कीमतों में उछाल लाने का काम किया है। दुनिया का करीब एक तिहाई तेल और भारत की 54 प्रति. एलपीजी का आयात होर्मुज के रास्ते ही होता है। हालांकि भारत अपने बेहतर तालमेल के जरिये अपने जहाजों की आवाजाही हो रही है। सरकार अभी भी बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है, क्योंकि इस समय में भारत में एक एलपीजी घरेलू सिलेंडर की कोस्ट 1600 रुपये से ऊपर पहुंच रही है। इस तरह सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर रिकवरी का नुकसान हो रहा है और इस रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की आइल कंपनियां झेल रही हैं। जिसकी भरपाई सरकार करती है। गैस पर कीमतों का बढ़ना बता रहा है अभी जनता को महंगाई से किसी तरह की राहत नहीं मिलने जा रही है, बल्कि इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जाहिर है इस तरह की वृद्धि का असर मध्यम व गरीब उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक होता है। दिक्कत यह है कि आय के साधन उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं, जिस तरह महंगाई बढ़ रही है।

## राम मंदिर पर चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब



अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब हुई है, यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है, न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवे.दनशील समाचार है कि राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है, कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है, न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

# गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर





**योगेश कुमार गोयल**

पृथ्वी पर मुख्यत: पांच प्रमुख महासागर हैं, प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महा.सागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। ये सभी महासागर न केवल धरती के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि मानव जीवन के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये सभी महासागर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है, जिससे मानव जीवन में समुद्रों की अहमियत, महासागरों की साफ-सफाई और उनकी सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाई जा सके लेकिन जिस रफ्तार से समुद्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन बनकर रह गया है। विश्व महासागर दिवस की वर्ष 2026 की थीम है पुनर्कल्पना हमारी जानी-पहचानी दुनिया से परे, हमारे महासागर के साथ एक नया रिश्ता, जो हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि महासागर केवल जलराशि नहीं बल्कि पृथ्वी के जीवन, जलवायु और जैव विविधता के आधार हैं। दुनियाभर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, औसतन हर मिनट एक ट्रक प्लास्टिक कचरा समुद्रों में फैंका जा रहा है। इसके अलावा, भारी मात्रा में सीवेज, औद्योगिक रसायन और जहरीले तत्व भी समुद्रों में पहुंच रहे हैं। अरबों टन प्लास्टिक कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है, जो न तो आसानी से विघटित होता है और न ही पूरी तरह समाप्त होता है। यह वर्षों तक समुद्र में पड़ा रहकर समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित करता है। समुद्रों में समाते इन प्लास्टिक कणों और रासायनिक तत्वों का समुद्री वनस्पतियों और जीव-जंतुओं पर बेहद घातक असर पड़ता है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक, महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जल का पीएच मान घट रहा है, पोषक तत्वों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ऑक्सीजन की कमी भी स्पष्ट रूप से दर्ज की जा रही है। इन सभी प्रभावों का सीधा असर समुद्री पारिस्थितिकी पर पड़ता है। भारतीय उपमहाद्वीप से भी हर वर्ष करोड़ों टन भारी धातुएं और लवणीय तत्व हिन्द महासागर में प्रवाहित हो जाते हैं। समुद्रों में सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक कचरे से है, जिसे समुद्री जीव भोजन समझकर निगल जाते हैं। कई बार व्हेल, समुद्री कछुए और डॉल्फिन जैसे जीव मछली पकड़ने वाले जाल या अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खा लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले रसायन समुद्री जीवों के शरीर में चले जाते हैं। इन मछलियों और समुद्री जीवों को दुनियाभर में लगभग 3 अरब लोग भोजन के रूप में उपयोग करते हैं। इस प्रकार यह प्रदूषण मानव स्वास्थ्य को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। नार्वे के पास वैज्ञानिकों को किलर व्हेल के चर्बी ऊतकों में पीसीबी जैसे विषैले रसायनों के उच्च स्तर मिले हैं, जो कई देशों में दशकों पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। साथ ही पीएफएएस नामक रसायन भी इन जीवों में पाए गए हैं, जो हार्मोन संतुलन, प्रजनन क्षमता और जीवनचक्र पर बुरा असर डालते हैं। वैज्ञानिकों ने व्हेल्स के शरीर में ब्रॉमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स भी खोजे हैं, जो पीढ़ियों में ट्रांसफर होकर अगली पीढ़ी तक जहरीले असर छोड़ते हैं। स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल द्वारा किए गए एक शोध में समुद्री कछुओं के पेट और मांसपेशियों में प्लास्टिक यौगिकों के उच्च स्तर पाए गए हैं। पूर्वी स्पेन के कैटलन तट पर और बेलिएरिक द्वीपों में मृत पाए गए लॉगरहेड प्रजाति के 44 समुद्री कछुओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए। इनके शरीर में मौजूद यौगिक हार्मोन सिस्टम, न्यूरोलॉजिकल और कैंसरजनक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। महासागरों में प्लास्टिक पहुंचने का सबसे बड़ा जरिया नदियां हैं। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा नदियों के जरिए समुद्रों तक पहुंचता है। प्लास्टिक वेस्ट मेकर्स इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में 130 मिलियन मीट्रिक टन एकल उपयोग वाला प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 35 प्रतिशत को ही जलाया गया, 31 प्रतिशत को जमीन में दबाया गया और 19 प्रतिशत को खुले में या समुद्रों में फैंक दिया गया। 'साइंस एडवांसेज' जर्नल में प्रकाशित 'ओ.शियन क्लीनअप' संगठन के अनुसार समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने वाली नदियों की संख्या हजारों में है लेकिन केवल एक हजार नदियां ही 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। इन नदियों में से अधिकांश छोटी और मध्यम आकार की ही हैं, न कि केवल विशाल नदियां, जैसा पहले माना जाता था। फिलीपींस, चीन, भारत और मलेशिया जैसी देशों की नदियां समुद्रों में प्लास्टिक पहुंचाने के मामले में अग्रणी हैं। अकेले फिलीपींस की 4800 नदियां हर साल 3.5 लाख मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्रों तक पहुंचाती हैं। भारत की 1100 से ज्यादा नदियां हर साल 1.25 लाख टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंच.ाती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ। रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन-जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित और स्वच्छ बना पाएंगे।

# मुस्लिम युवाओं को शिक्षा व मीडिया से जुड़ने की जरूरत

**एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं।**



**शिबली रामपुरी**

मौजूदा दौर में मुसलमानों के सामने कितनी परेशानियां है इसके बारे में सब कुछ आईने की तरह साफ है पॉलिटिक्स से लेकर हर जगह पर उनको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजनीति में हार जीत राजनीतिक पार्टियों की और उनके नेताओं की होती है लेकिन निशाने पर मुसलमानों को कई तरीके से लेने का एक चलन सा चल पड़ा है जबकि हकीकत यह है कि मुसलमानों में राजनीतिक तौर पर आज भी उतनी जागरूकता नहीं है कि जितनी होनी चाहिए और इसी का खामियाजा वह लगातार भुगत रहे हैं।

मुस्लिम युवाओं की एक बड़ी आबादी राजनीति में दिलचस्पी तो रखती है और भावनात्मक तौर पर वह नेताओं को वोट भी करती है लेकिन जितनी जागरूकता अपने वोट को लेकर या राजनीतिक पार्टियों में से कौन बेहतर है इसको लेकर होनी चाहिए वैसी जागरूकता अभी तक भी मुस्लिम युवाओं में नहीं आ सकी है या फिर बहुत ही कम देखने को ऐसा मिल रहा है कि जहां पर मुस्लिम युवा बहुत ज्यादा समझदारी के साथ राजनी.ति में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे हालात में युवाओं को चाहिए कि वह शिक्षा में ज्यादा से ज्यादा अपनी पहुंच बनाएं और बेहतर से बेहतर एजुकेशन हासिल कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं इसके अलावा उनको मीडिया में भी जाना चाहिए क्योंकि मीडिया आज सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है और मीडिया के माध्यम से ही मुसलमानों के बारे में तमाम तरह की गलतफहमियां फैलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। टीवी चैनलों की डिबेट का क्या स्तर हो चुका है यह सभी जानते हैं इसके अलावा मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयानबाजी का सिलसिला जारी है और मामूली से मामूली बातों पर भी मुसलमानों को बयानबाजी के मामले में निशाने पर ले लिया जाता है और फिर सियासी रोटियां भी सेंकने का काम होता है। एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं लेकिन अभी उस स्तर तक मुस्लिम मीडिया में नहीं पहुंच सके हैं कि जितना उनको होना चाहिए हालांकि यह बात भी



अपनी जगह कायम है कि जहां-जहां भी मुसलमानों को मीडिया में मौका मिल रहा है वहां पर वह बेहतरीन काम कर रहे हैं अपने शहर अपने मां-बाप और देश का नाम रोशन करने में खूब मेहनत कर रहे हैं। राजनीति में भी मुस्लिम युवाओं को जाना चाहिए लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए राजनीति से ज्यादा जरूरी एजुकेशन और मीडिया में जाकर मेहनत करना है।

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच



**तनवीर जाफरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हजारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकट्ठा होने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जेन जी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किए जाएंगे। गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं।

उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET-UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में



युवा बेरोजगार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था कि अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। यह युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोजगारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नजाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फर्जी डिग्रियों और गलत तरीकों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोजगार युवा और व्यवस्था से नाराज नई युवा पीढ़ी जेन जी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मजाकिया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गए। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका ट्विटर अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफाई दिए जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाई उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतर्राष्ट्रीय कानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नजर आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस, युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाजुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोजगार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं।

# ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का एआई वीडियो शेयर किया

**शेर की सवारी करते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति चांद पर झंडा भी लगाया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, होर्डिंग, माउंट रशमोर और नार्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। वीडियो के गाने में दावा किया गया है कि मेक्सिको, मिडिल ईस्ट, चीन और भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं। महज एक मिनट लंबे वीडियो में 'ट्रम्प' शब्द 45 बार और 'डोनाल्ड' नाम 29 बार सुनाई देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कि एवरीबडी लव्स डोनाल्ड ट्रम्प नाम का यह गाना ट्रुथ सोशल पर 'एसी132' नाम के यूजर ने बनाया था। वीडियो के आखिर में इसका क्रेडिट एंथनी कान्स्टैंटिनो को दिया गया है, जो न्यूयार्क से ट्रम्प समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती

## किम जोंग उन की बहन बोलीं: परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है। किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है।



उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा। उत्तर कोरिया

**उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी**

लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उत्तर कोरिया के दौरे पर जाने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन इस दौरे के जरिए उत्तर कोरिया पर अपना प्रभाव फिर मजबूत करना चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन सीधे परमाणु निरस्त्रीकरण का मुद्दा नहीं उठाएगा बल्कि आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। दूसरी तरफ उत्तर कोरिया रूस के और करीब जाता दिख रहा है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए हथियार और सैनिक भेजे हैं। इसके बदले रूस से उसे आर्थिक और सैन्य सहायता मिल रही है। किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर लगातार हथियार बढ़ाने का आरोप लगाया।

# ट्रम्प की टेक टीम को बड़ा झटका

**व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार श्रीराम कृष्णन देंगे इस्तीफा**

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रम्प प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर काम किया। उन्होंने फ्रांस, भारत, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में आयोजित एआई बैठकों का भी जिक्र किया। श्रीराम कृष्णन ट्रम्प प्रशासन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अमेरिका में एआई सेक्टर के विस्तार के लिए रोडमैप तैयार किया। उन्होंने डेटा सेंटर बढ़ाने, एआई निवेश को आसान बनाने और नियमों में ढील देने जैसी नीतियों पर काम किया।

# अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

## ईरान का आरोप: अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, इजरायल पर आतंकी हमला, एक की मौत

**तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकोम) के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की।

सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फारेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

**इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत**

दूसरी तरफ सेंट्रल इजरायल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार, इनमें एक की हालत गंभीर है। लेबनान में मौतों का आंकड़ा 3,593 पहुंचा, 2 मार्च से जारी इजरायली हमलों में अब तक 3,593 लोगों की मौत और 10,990 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की जान गई और 120 घायल हुए। शनिवार को इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत हुई। हमलों के बाद कई इलाकों में लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए। तेहरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीरिक और केश्म द्वीप पर तटीय रडार ठिकानों पर हमला कर युद्धविराम का उल्लंघन किया। ईरान ने कहा कि इसके बाद पैदा होने वाले हालात की जिम्मेदारी अमेरिका की होगी। संभावित शांति समझौता ईरान की 24 अरब डॉलर (करीब 2.29 लाख करोड़) की फीज संपत्ति जारी होने पर टिका है। ईरान चाहता है कि समझौते के साथ ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि अमेरिका इस पर अभी सहमत नहीं है। ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत में सबसे बड़ी परेशानी उसका बार-बार बदलता रुख है।



ईरान का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी अलग-अलग बयान देते हैं, जिससे किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से मैसेज का एक्सचेंज जारी है, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। बगाई ने कहा कि अमेरिका को ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत ईरान को शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम चलाने और यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। ईरान ने यह भी मांग दोहराई कि विदेशों के बैंकों में जमा उसके अरबों डॉलर के फंड पर लगी रोक हटाई जाए और यह पैसा ईरान को वापस दिया जाए। उनका कहना है कि अमेरिका राहत देने की बात तो करता है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (रसेंटकोम) के मुताबिक, मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले शनिवार को भी अमेरिका ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। लगातार दूसरे दिन ड्रोन गिराए जाने के दावे के बाद होर्मुज में तनाव और बढ़ गया है। सेंट्रल इजरायल के कोखाव याइर स्थित पेट्रोल पंप पर हुई गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार पुलिस ने बरामद कर लिया है। राहत एजेंसियों के मुताबिक, हमला सिर्फ कोखाव याइर में नहीं बल्कि पास के त्ज़ूर नातान और त्ज़ूर यित्ज़हाक कस्बों में भी हुआ। पुलिस ने बताया कि एक दूसरे संदिग्ध को पकड़ लिया गया है। इसके बाद भी पुलिस, सेना और विशेष सुरक्षा टीमें इलाके में बाकी संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।




**आंध्र प्रदेश। श्री सत्य साई जिले में स्थित प्रशांति निलयम के दौरे के दौरान लोगों के साथ प्रार्थना करती बोलिवेरियन गणराज्य वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज।**

# अमेरिकी फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 लोग घायल

**टोलेडो।** अमेरिका में ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में आयोजित ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान कम से कम 12 लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें दो की हालत गंभीर है। ओहायो के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह गोलीबारी ऐसे समय में हुई जब पूरे अमेरिका में बंदूक हिंसा को लेकर अधिकारी और समुदाय चिंतित हैं। टोलेडो पुलिस विभाग ने बताया कि 10 लोगों की हालत स्थिर है, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। टोलेडो पुलिस के डिप्टी चीफ जो हेफरनन ने कहा कि ऐसा लगता है कि दो शूटर थे जो 'शायद एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे' और उनमें से कोई भी अभी हिरासत में नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक गोलियों की तेज आवाज सुनकर फेस्टिवल में आए लोग घबराकर ऐतिहासिक इलाके में भागने लगे। गोलीबारी से घबराई भीड़ चिल्ला रही थी और फूड ट्रकों तथा गोल्फ कार्ट के बीच छिपने की कोशिश कर रही थी। टोलेडो के मेयर वेड कैप्सजुकिविज ने कहा कि सभी घायलों की हालत बेहतर हैं।

# कनाडा ने टेक्सास के मवेशियों पर लगाया प्रतिबंध

**अमेरिकी मवेशियों में 'स्क्रूवर्म' मिलने के बाद खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने लिया फैसला**

**ओटावा/वॉशिंगटन।** कनाडा की खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने बछड़ों में मांस खाने वाले 'स्क्रूवर्म' (एक प्रकार का परजीवी) मिलने के बाद अमेरिकी राज्य टेक्सास से आने वाले मवेशियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राज्य टेक्सास के ला प्रियोर शहर और जवाला काउंटी में बछड़ों के भीतर ये स्क्रूवर्म मिला है।

इसके मद्देनजर टेक्सास में भी आपदा घोषित कर दिया गया है। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कनाडा की सीमा पार करने से पहले 21 दिनों के भीतर जो भी गाय और घोड़े टेक्सास में रहे होंगे, उन्हें देश में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के उस बयान के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के सबसे बड़े गोमांस और मवेशी उत्पादक राज्य टेक्सास में दो अलग-अलग बछड़ों में यह परजीवी पाया गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इस प्रकोप से पैदा हुए 'आसन्न खतरे' के मद्देनजर शुक्रवार को आपदा की घोषणा कर दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान इसके और फैलने की आशंका है। 'न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म' एक परजीवी मक्खी है, जिसकी मादा जीवित गर्म खून वाले जानवरों और इंसानों के खुले घावों व लेष्मा झिल्ली में अंडे देती है। जब इन अंडों से लार्वा निकलते हैं, तो सैकड़ों की संख्या में ये नुकीले मुंह वाले लार्वा मांस को कुतरते हुए भीतर तक रास्ता बना लेते हैं। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो अंततः संक्रमित जीव की मौत हो जाती है।

# अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या

## हमलावरों ने फेक पिज्जा ऑर्डर देकर बुलाया, फिर सिर में गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को एक फेक पिज्जा आर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं।

शनिवार देर रात उन्हें फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग काम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का आर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। इसी दौरान दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया और उनके सिर में कई गोलियां मार दीं। हमलावर वारदात के बाद मौके से



- हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए
- अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे

फरार हो गए। अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे। अंशुल ने बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की थी। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलाडेल्फिया हाउसिंग अथारिटी के सीसीटीवी कैमरों में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखाई देते हैं। फुटेज में उनके पीछे काले कपड़े पहने और बैकपैक लिए दो लोग भी नजर आते है पुलिस इन्हीं तस्वीरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है। हालांकि ये फुटेज सार्वजनिक नहीं की गई है। अंशुल की बहन तन्वी का कहना है कि यह पूरी तरह एक जाल था। उन्होंने कहा कि जिस जगह पिज्जा पहुंचाने के लिए बुलाया गया, वहां कोई नहीं था। बाद में पता चला कि वह सिर्फ एक फर्जी आर्डर था। मेरे भाई को सिर्फ मारने के लिए वहां बुलाया गया था। हमें नहीं पता कि हमलावरों को इससे क्या मिला, लेकिन उन्होंने हमारे भाई की जान ले ली। परिवार ने विदेश मंत्रालय से अंशुल का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने की अपील की है। तन्वी ने कहा कि अधिकारियों ने सोमवार तक शव सौंपने की बात कही है, लेकिन परिवार चाहता है कि प्रक्रिया जल्दी पूरी हो ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की भी मांग की। मीडिया से बातचीत में तन्वी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मेरा भाई अमेरिका जाना ही नहीं चाहता था, लेकिन परिवार के कहने पर वह वहां गया।

# मेजर अभिलाषा बराक को मोदी ने दी बधाई

**संयुक्त राष्ट्र के सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार से सम्मानित हो पर उपलब्धि की सराहना की**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता बताया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेजर बराक की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक शांति स्थापना में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई। मेजर बराक वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान (यूएनआईएफआईएल) में एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में सेवाएं दे रही हैं। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे योगदान की भी पहचान है।

# गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में मतदान जारी

## एसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वजीरिस्तान में गोलीबारी, पांच की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थानीय संगठन जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उसके दर्जनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को संगठन को गैरकानूनी घोषित किया था।

प्रशासन द्वारा जुलाई में आम चुनाव कराने की घोषणा के बीच जेएएसी ने अपनी मांगों को लेकर 9 जून को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके बाद सरकार ने संगठन पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पिछले वर्ष जेएएसी और उसके विरोधी समूहों के बीच हुए प्रदर्शनों और जवाबी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क गई थी,




**संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था**

जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी और अनेक घायल हुए थे। संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था। इनमें सस्ती दरों पर आटा और बिजली उपलब्ध कराना तथा क्षेत्रीय विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को समाप्त करना शामिल था। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को रावलाकोट में गोलीबारी की एक घटना में जेएएसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि जेएएसी को अवैध घोषित किए जाने के बाद उससे जुड़े लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन की घोषणा के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय और मीरपुर इंटरमीडिएट बोर्ड ने 8 जून से शुरू होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। संभावित विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग की है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारतीय क्षेत्रों के एक हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन



लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004